NNI हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-204, पृष्ठ : 12 | शुक्रवार, 30 जनवरी, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## ग्वालियर में भीषण हादसा

# एक ही परिवार के चार लोगों की दुखद मौत



**ग्वालियर।** घने कोहरे के बीच भीषण सड़क हादसा हो गया। भिंड रोड हाईवे पर बंटू ढाबा के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं।

सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे और भिंड जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। परिवार भिंड से ग्वालियर की ओर जा रहा था। सुबह करीब 8 बजे जैसे ही उनकी कार बंटू ढाबा के पास पहुंची, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार को रौंद दिया। टक्कर के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के दाहिने हिस्से में झाड़ियों में जा घुसा। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने चारों शवों को कार से बाहर निकालकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह घना कोहरा और तेज रफ्तार बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ट्रक चालक की तलाश कर रही है और पूरे मामले की जांच जारी है। इस हादसे के बाद इलाके में कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

## माघी पूर्णिमा पर स्नान के लिए शंकराचार्य को मनाने में जुटे अफसर



**लखनऊ।** ज्योतिर्मठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज माघी पूर्णिमा पर संगम में डुबकी लगा सकते हैं। लखनऊ के कुछ उच्चाधिकारियों ने शंकराचार्य से संपर्क कर उन्हें मनाने की कोशिश शुरू कर दी है। अधिकारी शंकराचार्य से माघी पूर्णिमा पर संगम में स्नान के लिए आग्रह कर रहे हैं। शंकराचार्य ने स्नान करने के लिए कई शर्तें भी अधिकारियों के सामने रख दी हैं। जिसमें मौनी अमावस्या को अभद्रता करने वाले अधिकारी लिखित में माफी मांगें, संन्यासियों, बटुकों, ब्राह्मणों, साधु-संतों और वृद्धों की पिटाई करने वाले पुलिस कर्मियों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई के साथ एफआईआर हो, गाय माता को राष्ट्रमाता घोषित किया जाए और चारों शंकराचार्यों के स्नान के लिए प्रोटोकॉल बने समेत ये चार मांग की हैं। यह सभी चार मांगें मानने पर ही शंकराचार्य ने स्नान की बात कही है। इसकी पुष्टि शंकराचार्य के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेंद्र योगीराज सरकार ने की है।



## पुण्यतिथि पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया नमन

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजघाट पर जाकर राष्ट्रपिता को नमन किया। प्रधानमंत्री के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहे। सभी ने महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित किए और उनके विचारों को याद किया। इस दौरान देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर मेरा शत-शत नमन। पूज्य बापू का हमेशा स्वदेशी पर बल रहा, जो विकसित और आत्मनिर्भर भारत के हमारे संकल्प का भी आधारस्तंभ है। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा।'



## यूपी कैबिनेट का बड़ा फैसला

# 11.92 लाख शिक्षकों को मिलेगी कैशलेस इलाज की सौगात

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के शिक्षकों को योगी सरकार ने बड़ी सौगात दी है। अब शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की तरह ही कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दो दी गई है। इस फैसले से 11.92 लाख से ज्यादा शिक्षकों को सीधा लाभ मिलेगा। इस फैसले को आयुष्मान व्यवस्था के माध्यम से लागू किया जाएगा। इस फैसले से शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व रसोइया सभी लाभांवित होंगे। इस फैसले के क्रियान्वयन में 358.61 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

बैठक में माध्यमिक शिक्षा विभाग को भी कैशलेस सुविधा की मंजूरी दे दी गई है। इससे दो लाख 97 हजार 579 कर्मचारी लाभांवित होंगे। वहीं, सरकार 89.25 करोड़ रुपये का व्यय भार पड़ेगा। हालांकि, जो कर्मचारी पहले से ही किसी सरकारी योजना जैसे आयुष्मान से आच्छादित हैं उन्हें इसका लाभ नहीं दिया जाएगा।



बता दें कि कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते साल के पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर शिक्षकों के लिए कैशलेश चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा की थी। विभाग की ओर से इस योजना को आयुष्मान योजना की तरह लागू करने की तैयारी है। यह सुविधा पूरी तरह कैशलेश है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुल 32 में से 30 प्रस्ताव पास हो गए। सिर्फ 14वां और 17वां प्रस्ताव ही रोका गया।

**बैठक में लिए गए अन्य फैसले:**
- बैठक में शहरी पुनर्विकास नीति 2026 को मंजूरी दे दी गई।
- नक्शा पास करने की प्रक्रिया सरल की जाएगी जिससे कि लोग नक्शा जरूर पास करें। विकास शुल्क के संशोधित प्राइस लागू किए जाएंगे।
- बरेली में विज्ञान पार्क और नक्षत्रशाला की स्थापना होगी।
- मुरादाबाद में भी नक्षत्रशाला और विज्ञान पार्क की स्थापना होगी।

**आपदा प्रभावित परिवारों का होगा पुनर्वास**

बैठक में आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास को लेकर मंजूरी दी गई। पीड़ितों को सरकारी आवास और भूमि का पट्टा दिया जाएगा। बहराइच में राजस्व ग्राम परतापुर पर सहित अन्य ग्रामों में आपदा प्रभावित परिवारों को पुनर्वास के लिए भूमि की व्यवस्था करने के निर्देश सीएम ने दिए थे। 29 लोग नदी पार कर रहे थे जिनमें 9 लोगों की मृत्यु हो गई थी। आपदा प्रभावित गांव का हवाई संरक्षण किया गया और परतापुर के गांव के लोगों को पुनर्वासित किया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत दिया गया। 136 परिवारों को जमीन का पट्टा दिया जाएगा और उनके आवास का भी पट्टा होगा और मुख्यमंत्री आवास के तहत आवास दिया जाएगा जितनी खेती की जरूरत होगी वैसे ही उनका खेती के लिए भी पट्टा दिया जाएगा।

# अजित पवार जल्द करने वाले थे एनसीपी के दोनों गुटों का विलय

## निधन के बाद करीबी का बड़ा खुलासा



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार का 28 जनवरी को एक विमान दुर्घटना में निधन हो गया। गुरुवार को बारामती के विद्या प्रतिष्ठान मैदान में एनसीपी प्रमुख का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अजित पवार के निधन के बाद से ही उनके राजनीतिक विरासत को लेकर अलग-अलग तरह से कयास लगाए जा रहे हैं। इस बीच अब उनके एक करीबी ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया था कि वो जल्द एनसीपी के दोनों गुटों का विलय करने जा रहे थे।

बारामती में न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए विद्या प्रतिष्ठान के सदस्य और पवार परिवार के करीबी किरण गुजर ने कहा, ₹आज यहां अजित पवार की अस्थियों का विसर्जन किया गया। 'दादा' की आखिरी इच्छा थी कि एनसीपी के दोनों गुटों का विलय हो। सभी को एकजुट होना चाहिए। इस बारे में पूरे परिवार में बात हो रही थी। उनसे मेरी आखिरी फोन कॉल में उन्होंने मुझसे चुनाव से जुड़े कुछ कागजात मांगे थे।'

दिवंगत अजित पवार के करीबी किरण गुजर ने दावा किया कि वो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुटों के विलय के लिए उत्सुक थे, और यह जल्द ही होने वाला था। दिग्गज नेता के निधन के दो दिन बाद उनके किरण गुजर ने बताया कि उनसे यह बात खुद अजित पवार ने साझा की थी।

**विमान हादसे से पांच दिन पहले बताया था**

1980 के दशक के मध्य में राजनीति में आने से पहले से ही किरण गुजर अजित पवार से जुड़े हुए थे। वो दिवंगत नेता के करीबी सहयोगी और विश्वसनीय सहयोगी थे। अब किरण गुजर ने गुरुवार (29 जनवरी) को न्यूज एजेंसी पीटीआई से बातचीत में कहा कि अजित पवार ने बुधवार (28 जनवरी) को विमान दुर्घटना से सिर्फ पांच दिन पहले ही उन्हें इस बारे में बताया था।

गुजर ने आगे कहा कि वह दोनों गुटों को मिलाने के लिए सौ प्रतिशत उत्सुक थे। उन्होंने मुझे पांच दिन पहले बताया था कि पूरी प्रक्रिया पूरी हो गई है और अगले कुछ दिनों में विलय होने वाला है। बता दें कि हाल के नगर निगम चुनावों के दौरान जिसमें दोनों गुटों ने गठबंधन में चुनाव लड़ा था। अजित पवार ने कुछ चुनिंदा पत्रकारों से यह भी कहा था कि वह अपनी पार्टी का विलय करना चाहते हैं। पुणे और पिंपरी चिंचवड़ में 15 जनवरी को हुए नगर निगम चुनावों में एक साथ चुनाव लड़ने के बाद दोनों गुटों ने अगले महीने होने वाले जिला परिषद चुनावों के लिए भी गठबंधन जारी रखने का फैसला किया था। इतना ही नहीं गुजर ने दाने के साथ कहा कि अजित पवार के पास विलय और एकजुट एनसीपी के भविष्य के लिए एक रोडमैप तैयार था।

## अब यूरोपीय देशों के सेब पर 30 फीसदी घटा आयात शुल्क

**शिमला।** न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते के बाद अब यूरोपीय यूनियन (ईयू) के देशों से भारत आने वाले सेब पर आयात शुल्क 50 से घटाकर 20 फीसदी कर दिया गया है। इससे हिमाचल प्रदेश के सेब बागवानों को एक और झटका लगा है। बागवानों का कहना है कि विदेश से आने वाले सेब के साथ हिमाचल का सेब स्पर्धा नहीं कर पाएगा, जिससे उन्हें उचित दाम नहीं मिल पाएंगे। इससे पहले न्यूजीलैंड के सेब पर आयात शुल्क घटाया गया था।

केंद्र सरकार के मुताबिक ईयू से केवल 50 हजार मीट्रिक टन सेब ही 20 प्रतिशत ड्यूटी पर भारत आएगा। इसमें न्यूनतम आयात मूल्य 80 रुपये प्रति किलो होगा। यह मात्रा सालाना एक लाख टन तक बढ़ सकती है और नया प्रावधान अगले 10 वर्षों के लिए ही प्रभावी रहेगा। भारत अभी ईयू से सेब के आयात पर लगभग 50 प्रतिशत ड्यूटी लगाता है। केंद्र ने स्पष्टीकरण दिया है कि यूरोपीय संघ से सीमित मात्रा में आयातित सेब पर ही 20 फीसदी आयात शुल्क होगा। यूनियन से आने वाले सेब पर न्यूनतम प्रभावी लैंडेड कीमत 96 रुपये प्रति किलोग्राम होगी। इससे घरेलू कीमतों में स्थिरता बनी रहेगी और किसानों की आमदनी भी सुरक्षित रहेगी।

# महाशिवरात्रि पर घोषित होगी केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि

**उत्तरकाशी।** हर वर्ष की तरह इस बार भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने की तिथि घोषित की जाएगी। तिथि का निर्धारण उखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में पंचांग गणना के बाद बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति एवं तीर्थ पुरोहितों द्वारा किया जाता है। इधर, आगामी यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ी समस्याओं पर तेजी से कार्य कर प्रभावित स्थलों पर सुधार कार्य किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर घोड़ा-खच्चर, डंडी-कंडी संचालकों, मंदिर समिति, होटल व्यवसायियों, जनप्रतिनिधियों और व्यापारिक संगठनों से संवाद किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ यात्रा से पूर्व सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित यात्रा सुविधा मिल सके



# किश्तवाड़ में आतंकवादियों की तलाश तेज, 11 दिनों से चल रहा अभियान

**जम्मू।** किश्तवाड़ जिले में 11 दिनों से आतंकियों की तलाश में सुरक्षाबल लगातार व्यापक अभियान चला रहे हैं। भारी बर्फबारी और कठिन मौसम के बावजूद सिंहपोरा और आसपास के घने जंगलों में घेराबंदी मजबूत कर रखी है। सूत्रों के अनुसार, इस बीच पुलिस ने दो से तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

सुरक्षाबलों ने बुधवार को भी जंगलों को खंगाला। आतंकियों के भागने के रास्तों पर सख्त घेरा डाला



गया है। आतंकी भागने की फिराक में हैं लेकिन मजबूत घेराबंदी से घिरे हुए हैं। सूत्रों के अनुसार सिंहपोरा में आतंकियों का बड़ा ठिकाना नष्ट होने के बाद से सर्च ऑपरेशन और तेज किया गया है। बर्फबारी के बावजूद पूरे क्षेत्र में दबाव बनाया हुआ है। यही कारण था कि 25 जनवरी की देर रात आतंकियों के साथ दोबारा मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों को आतंकियों के घिरे होने की जानकारी है इसलिए वे कोई ढील नहीं छोड़ना चाहते हैं। सुरक्षाबल घने जंगलों में ऊंचाई वाले इलाकों, पहाड़ी रास्तों और नालों में लगातार सर्च कर रहे हैं। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अर्धसैनिक बल बर्फ से ढके रास्ते, फिसलन और कम तापमान के बावजूद दिन-रात इलाके में गश्त कर रहे हैं। सिंहपोरा और आसपास के गांवों व अन्य संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं।

सेवानिवृत्त कर्नल सुशील पठानिया ने कहा कि आतंकी ठिकाना नष्ट होने के बाद आतंकियों के पास कोई स्पॉट नहीं है। लगातार घेराबंदी और दबाव से ही आतंकियों को खत्म किया जा सकता है। आतंकी लंबे समय से इन जंगलों में रह रहे हैं और उन्हें पूरे क्षेत्र की जानकारी है। ऐसे में अगर अभी दबाव कम किया गया तो वह इसका लाभ उठा सकते हैं।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।** प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना आगरा
www.nnindianews.com
शुक्रवार, 30 जनवरी, 2026


# घना कोहरा, विजिबिलिटी 20 मीटर तक सीमितः गलन भरी सर्दी बढ़ी, ट्रेनें चल रही देरी से

एनएनआई

**हाथरस।** शुक्रवार को घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता (विजिबिलिटी) घटकर मात्र 20 मीटर रह गई। सड़कों पर वाहन बेहद धीमी गति से चलते दिखे। सुबह के समय ठंड में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, आज हाथरस का अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कल न्यूनतम तापमान 9 डिग्री और अधिकतम 20 डिग्री सेल्सियस था। 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही सर्द हवाओं ने ठंड का



एहसास और बढ़ा दिया, जिससे लोगों को गलन भरी सर्दी महसूस हुई।

ठंड से बचने के लिए कई स्थानों पर लोग अलाव तापते नजर आए। खराब मौसम का असर यातायात पर भी स्पष्ट रूप से देखा गया। स्थानीय दुकानदार बंटी चौधरी ने बताया कि सुबह से ही कड़ाके की ठंड पड़ रही है और घना कोहरा छाया हुआ है।

रेलवे यातायात भी प्रभावित हुआ। हाथरस जंक्शन रेलवे स्टेशन पर आने वाली सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है, जबकि संबलपुर एक्सप्रेस एक घंटे की देरी से चल रही है। रोडवेज बसों में भी यात्रियों की संख्या सामान्य से कम रही। सुबह के समय शहर के कुछ हिस्सों में हल्की भीड़भाड़ दिखी, लेकिन कई स्थानों पर सन्नाटा पसरा रहा।

# राज हत्याकांड: दो और इनामी पुलिस मुठभेड़ में घायल





## एत्मादपुर और बमरौली कटारा में हुई मुठभेड़, तीन अरेस्ट

एनएनआई

**आगरा।** राज हत्याकांड में फरार चल रहे अन्य आरोपितों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। गुरुवार रात अलग-अलग स्थानों पर हुई पुलिस मुठभेड़ों में दो इनामी बदमाशों को गोली लगने से घायल कर गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अन्य आरोपित को मौके से दबोच लिया गया।

गुरुवार रात करीब 11:30 बजे बमरौली कटारा क्षेत्र के एत्मादपुर मदरा अंडरपास के पास पुलिस की राज हत्याकांड के आरोपितों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान कालिंदी विहार के मोतीकुंज निवासी विष्णु पंडित उर्फ भुल्ला पुलिस की जवाबी फायरिंग में दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। वहीं उसके साथी नगला किशनलाल निवासी शिवांश शर्मा को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने विष्णु पंडित के कब्जे से एक तमंचा और बाइक बरामद की है। इसके बाद रात करीब 12:30 बजे एत्मादपुर क्षेत्र के बुढ़िया के ताल के पास बाइक से जा रहे कालिंदी विहार राजनकुंज निवासी आकाश प्रजापति से पुलिस की दूसरी मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में आकाश के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा और बिना नंबर की बाइक बरामद की है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि इस हत्याकांड में शामिल मंसूरी, मोहित पंडित, आशु तिवारी, विष्णु पंडित और आकाश प्रजापति पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस की सक्रियता से अब तक अधिकांश आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है, शेष की तलाश जारी है।

# रंगबाजी से गैंगवार तक खुल रही युवा गैंग की परतें

**आगरा** एनएनआई। रंगबाजी से शुरू हुई युवाओं की कहानी पहले गैंग में बदली और फिर इलाके में वर्चस्व की जंग तक पहुंच गई। खुद को फिल्मी अंदाज में बड़ा दिखाने के लिए गैंग के सदस्य फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम तक रीलें डालते रहे। 18 से 25 वर्ष की उम्र के युवाओं ने धीरे-धीरे अपराध को ही अपनी पहचान बना लिया। आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए चौथ वसूली, जुआ-सट्टा और जुए के अड्डों पर लूट जैसी गतिविधियां शुरू कर दी गईं।

ट्रांसयमुना थाने के कुख्यात हिस्ट्रीशीटर आलोक यादव के जेल जाने के बाद अरबाज खान उर्फ मंसूरी ने गैंग की कमान संभाली। अपने और गैंग के वर्चस्व को बढ़ाने के लिए उसने क्षेत्र के कई युवाओं को जोड़ा। दूसरी ओर राज चौहान भी लगातार अपनी गैंग को मजबूत कर रहा था। दोनों गैंगों में अधिकांश सदस्य 18 से 25 वर्ष की उम्र के थे। गैंग में शामिल होने के बाद कई युवक पूरी तरह अपराध की राह पर चल पड़े। गैंग के कुछ सदस्य ऐसे भी थे जो दिन में अपना काम-धंधा करते थे, लेकिन शाम होते ही शराब पार्टियों और रंगबाजी में शामिल हो जाते थे। क्षेत्र में जुआ और सट्टा चलाने के साथ ही रंगदारी वसूली जाने लगी। राज चौहान हत्याकांड को अंजाम देने वाले गैंग के दो सदस्य अलग-अलग पेशों से जुड़े थे। मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए मोहित पंडित और आशू तिवारी केवल रंगबाजी के लिए गैंग से जुड़े थे। आशू तिवारी इटावा में एक डेयरी पर काम करता था, जबकि विष्णु पंडित कमला नगर के एक अस्पताल में कंपाउंडर की नौकरी करता है। वहीं आकाश प्रजापति चांदी कारखाने में कारीगर है। हत्याकांड में शामिल इटावा के रामगंज न्यू गोशाला निवासी आशू तिवारी पुत्र रविन्द्र तिवारी की पारिवारिक और आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। करीब 15 वर्ष पहले उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, जो रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। इटावा में उसका एक मंजिला मकान है, जहां उसकी मां विमला तिवारी रहती हैं।

# होली पर दुनिया करेगी बांकेबिहारी रंगोत्सव के दर्शन, लाइव होगी व्यवस्था

एनएनआई

**वृंदावन।** ठाकुर बांकेबिहारी के भक्तों के लिए इस बार की होली कुछ अनोखी होगी। बांकेबिहारी मंदिर में 27 फरवरी को रंगभरनी एकादशी से शुरू होने वाली रंगों की होली का आनंद उन्हें घर बैठे देखने को मिल सकता है। इसके लिए मंदिर में लाइव दर्शन की व्यवस्था शुरू की जा रही है। मंदिर उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति 15 फरवरी से आराध्य के दर्शन की लाइव स्ट्रीमिंग शुरू कराने जा रही है।



इसकी जिम्मेदारी समिति ने दिल्ली की सुयोग्य मीडिया लिमिटेड को दी है। मंदिर में भारी भीड़ के कारण आने वाले भक्तों को दिक्कत होती है। होली पर लाखों श्रद्धालु ठाकुर जी के संग रंग खेलने आएंगे। भीड़ अधिक होने से काफी श्रद्धालु मंदिर नहीं आ पाते। ऐसे में मंदिर उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति ने भक्तों को घर बैठे होली का आनंद देने की योजना बनाई है।

समिति ने भक्तों की भीड़ नियंत्रण के लिए ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन की लाइव दर्शन (स्ट्रीमिंग) व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। समिति ने पिछली बैठक में कंपनी को 15 फरवरी तक लाइव स्ट्रीमिंग शुरू करने के निर्देश दिए हैं। समिति के सदस्य दिनेश गोस्वामी ने बताया कि लाइव स्ट्रीमिंग के लिए मंदिर के नाम से एक वेबसाइट तैयार की जाएगी।

मंदिर में कैमरे लगाए जाएंगे। इस वेबसाइट पर ही लाइव दर्शन होंगे। इसके लिए 15 फरवरी तक का समय निर्धारित है। रंगभरनी एकादशी से मंदिर पर रंगों की होली शुरू हो जाएगी। उम्मीद है इस बार जो श्रद्धालु मंदिर नहीं आ पाएंगे, वह घर बैठे होली के दर्शन कर सकेंगे।

## 21 हजार किलो से तैयार होगी स्टील की रेलिंग

**वृंदावन/मेरठ।** वृंदावन में ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में भीड़ लगातार बढ़ रही है। भीड़ के इस दबाव में श्रद्धालुओं को सुलभ दर्शन कराने के लिए हाईपावर मैनेजमेंट कमेटी तमाम उपाय कर रही है। इन्हीं में से एक मंदिर में रेलिंग लगाकर दर्शन कराने की व्यवस्था भी है। गुरुवार को जया एकादशी पर भी मंदिर में जबरदस्त भीड़ रही। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में भीड़ नियंत्रण के लिए 21 हजार किलोग्राम वजन स्टील की मजबूत स्लाइड व फोल्ड होने वाली रेलिंग लगाई जाएगी। रेलिंग बनाने के लिए मेरठ की कनिका कंस्ट्रक्शन फर्म को चुना गया है। तकनीक संबंधित समिति व आइआइटी रुड़की की टीम ने फर्म का प्रस्तुतीकरण पसंद किया। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में लगातार भीड़ बढ़ रही है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति ने मंदिर में प्रवेश से निकास द्वार तक रेलिंग लगाने का निर्णय लिया। इसी रेलिंग के बीच से श्रद्धालुओं को गुजारा जाएगा। इससे श्रद्धालुओं का मंदिर के अंदर से ठहराव खत्म होगा।

# बंद घर में चोरी करने वाले तीन शातिर दबोचे

एनएनआई

**आगरा।** सदर थाना क्षेत्र में रहने वाले दंपति ऑस्ट्रेलिया अपने बेटे के पास गए थे। उनके पीछे घर में चोर घुस गए और नगदी और आभूषण चोरी करके ले गए। भतीजे के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई और मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही वह सुनार भी पकड़ा गया है जिसे उन्होंने आभूषण बेचे थे। राजीव मेहरा सौदागर लाइन चौकी क्षेत्र में रहते हैं। वह ऑस्ट्रेलिया में अपने बच्चों के पास जाते रहते हैं। एसीपी सदर इमरान अहमद ने बताया कि 26 जनवरी को उनके रिश्तेदार के माध्यम से सूचना मिली थी कि ऑस्ट्रेलिया में गए दंपति के यहां जो कि उनके रिश्तेदार है उनके घर का ताला तोड़कर उसमें चोरी हो गई है। वह घर के सामने ही रहते हैं सुबह आंख खुलने पर ताले टूटे हुए देखकर उन्हें चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने



मुकदमा दर्ज कर चोरों का सुराग लगना शुरू कर दिया। इंस्पेक्टर सदर विजय विक्रम सिंह ने मुखबिर की सूचना पर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। उनके नाम बादल, संतोष और विजय हैं। इनके द्वारा महिपाल नाम के सुनार को आभूषण बेच दिए गए थे। पूछताछ में सामने आया कि दंपति ने ऑस्ट्रेलिया जाने से एक दिन पहले एक पेंटर से दो युवक घर की सफाई करने के लिए भेजने को कहा था। वह दोनों घर में सफाई करने आए थे तो उन्हें जानकारी हो गई थी कि कल दंपति ऑस्ट्रेलिया चले जाएंगे। इसके बाद उन्होंने चोरी की घटना को अंजाम दिया।

पुलिस ने सुनार से पूरा माल बरामद कर लिया है। इसके साथ ही लैपटॉप, टैबलेट, आईफोन आदि सभी बरामद कर लिया गया है

## हिंदू सम्मेलन के अध्यक्ष पद पर दलित समाज की हुई ताजपोशी

**एत्मादपुर एनएनआई।** यूजीसी के नए नियमों को लेकर देशभर में छिड़े घमासान के बीच नगर में एक फरवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के अध्यक्ष पद पर दलित वर्ग के व्यक्ति की ताजपोशी ने कट्टरपन के माहौल में सदभावना की लौ जला दी है। स्थानीय स्तर पर हिंदुत्व की सनातन संस्कृति में पहली बार दलित वर्ग की शख्सियत को यह औहदा मिला है। राजनीतिक गलियारे में इस को लेकर अलग चर्चा हो रही है। एक फरवरी को नगर के हृदय स्थल राजकीय आदर्श विद्यालय (मॉडल) के मैदान पर प्रस्तावित विराट हिंदू सम्मेलन के आयोजन को हिंदुवादी संगठनों की बैठक में आमराय से नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष विशंभर सिंह ठेकेदार के नेतृत्व में 50 सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति के सदस्य इस समय सुबह से शाम तक हर गली-मोहल्ले में घर-घर जाकर हिंदुओं को सपरिवार सम्मेलन में आने को पत्रक सामग्री बांटकर आमंत्रित करने में जुटे हुए हैं।

## 12वीं की छात्रा संग घिनौनी करतूत, कर ली आत्महत्या, दो गिरफ्तार

एनएनआई

**आगरा।** थाना अछनेरा क्षेत्र में यौन उत्पीड़न से परेशान एक छात्रा ने 22 जनवरी को विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई नहीं की। एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। मगर पुलिस ने उसे शांति भंग में ही कार्रवाई की। वह अधिकारियों से मिले, तब केस दर्ज हुआ। इसके बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

15 वर्षीय किशोरी इंटर की छात्रा थी। उसके बाबा ने बताया कि पौत्री से अक्षित जैन ने दोस्ती कर रखी थी। इस दौरान आपत्तिजनक वीडियो बनाया था। ब्लैकमेल करने लगा। उसने अपने साथी अनिल और ललित जैन से भी संबंध बनाने का दबाव बनाया। वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगे। इससे परेशान होकर उसने आत्महत्या की। 23 जनवरी को उन्होंने आरोपी अक्षित जैन को पकड़ा। उसके पास मिले दो मोबाइल में आपत्तिजनक फोटो और वीडियो के साथ ऑडियो क्लिप मिलीं। सूचना पर आई पुलिस आरोपी को थाने ले गई।

चौकी इंचार्ज राघवेंद्र सिंह ने पीड़ित परिवार को गुमराह कर आरोपी का शांति भंग में चालान कर दिया। इससे वह छूट गया। तहरीर में खामियां बताईं। उसको बदलवा दिया। बार-बार घर से बुलाया गया। अधिकारियों के संज्ञान में मामला जाने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। अगर पकड़े गए दोनों मोबाइल की पुलिस गहनता से जांच करती तो अन्य युवती नहीं रहती दहशत में। एसीपी अछनेरा शैलेन्द्र सिंह ने बताया प्राथमिकी दर्ज हुई है। बुधवार को अक्षित जैन को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। बृहस्पतिवार को आरोपी ललित जैन को गिरफ्तार कर लिया गया।

## पार्किंग में खड़ी कार में लगी आग, जलकर हो गई राख

एनएनआई

**आगरा।** न्यू आगरा क्षेत्र स्थित रंगजी हाइट्स सोसाइटी की पार्किंग में गुरुवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब वहां खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठती देख सोसाइटी के लोगों में दहशत फैल गई और तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।

सोसाइटी निवासी एवं जूता कारोबारी गौरव कात्याल बाजार से लौटने के बाद अपनी डीजल कार होंडा डब्ल्यूआर-वी को पार्किंग में खड़ा कर घर चले गए थे। बताया जा रहा है कि करीब 15 मिनट बाद ही कार से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग भड़क उठी। कुछ ही पलों में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। गौरव कात्याल ने बताया कि आग लगने से कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, लेकिन किसी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

## बजरंग दल को मिले गौवंश के अवशेष

एनएनआई

**आगरा।** थाना जगदीशपुरा क्षेत्र के मेडिकल ग्राउंड में गौ वंश के मिले अवशेष मौके पर विश्व हिन्दू परिषद (बजरंग दल) के कार्यकर्ता पहुंच गए और प्रशासन को बुला कर पूरा मामला अवगत कराया और वही बजरंग दल प्रखण्ड संयोजक सारांश बजरंगी ने बताया कि यह घटना आज पहली बार नहीं हुई है ऐसी



घटना पहले भी 4 से 5 बार हो चुकी हैं और यदि ऐसा आगे हुआ और प्रशासन ने इस मामले को संज्ञान में नहीं लिया तो बजरंग दल शांत नहीं बैठेगा वहीं गौ वंश के अवशेष का प्रशासन द्वारा अंतिम संस्कार कराया और मामले की जांच कराने हेतु कार्यवाही कराई। मौके पर विहिप सह मंत्री शिवम दुबे, अनुज पाठक, शिवम अग्रवाल, अंकित कठेरिया, हिमांशु, पारस खटीक, सुमित केम, जतिन, कार्तिक आदि मौजूद रहे।

**वैधानिक सूचना**

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

## कृषि निवेश मेला में किसानों को लगा औपचारिकता का 'झटका'

### मायूस होकर लौटे उन्नत बीज और आधुनिक कृषि यंत्र खरीदने आए किसान

एनएनआई

**एत्मादपुर।** कृषि सूचना तंत्र के सुदृणीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम व नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के तहत ब्लाक मुख्यालय पर गुरुवार को लगा एक दिवसीय कृषि निवेश मेला क्षेत्रीय किसानों के लिए महज औपचारिकता की रस्म अदायगी तक सीमित रहा। सर्द मौसम में दूर-दराज से आए क्षेत्रीय किसान उस समय मायूस हो गए जब उन्हें मेला में लगीं स्टालों पर कागजी पत्रकों के अलावा न कोई उन्नतशील प्रजातियों के बीज खरीदने को मिले न कोई आधुनिक पद्धति से खेती करने के लिए कृषि यंत्र दिखाई दिए।





एटा जनपद की बार्डर पर बसे तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत अमानाबाद से कड़ाके की ठंड में 21 किलोमीटर की दूरी 100 रुपए के किराए में खर्च कर यहां आए वृद्ध किसान कुंवरपाल सिंह (65 वर्ष) फसलों को छुट्टा गोवंशीय पशुओं से बचाने के लिए खेत की मेड़ पर लगाई जाने वाली बैटरी चालित झटका मशीन खरीदना चाहते थे। वह सिर्फ इसी लिए सारे काम छोड़ कर मेला में आए थे। लेकिन उन्हें यहां स्टालों पर कागजी पत्रकों के अलावा कुछ नहीं दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में गांव-गांव छुट्टा घूम रहे गोवंशीय पशुओं के झुंड किसानों की फसलों को रात-दिन बर्बाद कर रहे हैं। सरकारी गौशालाओं में इन्हें संरक्षित करने की योजना सिर्फ कागजों में चल रही है। ग्राम प्रधान से तमाम मर्तबा आवारा गाय और सांडों को गौशाला में पहुंचाने के लिए कहा है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ब्लाक कार्यालय पर आयोजित कृषि निवेश मेला में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख श्रीमती इति सिंह के पति डा.अवधेश सिंह सुमन ने वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई आधुनिक तकनीक को अपनाने की सलाह किसानों को दी। खंड विकास अधिकारी विजय कुमार अग्रवाल ने सभी आधुनिक पद्धति से खेती करने का आह्वान किया। पशुपालन वैज्ञानिक डा.राजेश पाराशर ने पशुओं में दूध बढ़ाने के उपाय बताए। प्राकृतिक कृषि विशेषज्ञ मेहरबान सिंह यादव ने प्राकृतिक खेती के लिए कृषकों को जागरूक किया। सलाहकार सलीम अली खां उन्नतशील फसलें उगाने की सलाह दी। विषय वस्तु विशेषज्ञ विष्णु त्यागी ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। ब्लाक प्रमुख कार्यालय प्रभारी मेघ सिंह बौद्ध, प्रेम शंकर यादव, विषय वस्तु विशेषज्ञ धर्मेंद्र सरिया, राजकुमार चौधरी, अमित कुमार, दिगंबर सिंह, धर्मवीर आदि मौजूद थे।

NNi
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा

www.nnindianews.com

शुक्रवार, 30 जनवरी, 2026



## यह खतरनाक है...जानलेवा हो सकता है

### खतरनाक तरीके से लादे जाते हैं बांस, सरिया और सामान

# इंजन लगे ठेलों से रहें सावधान

एनएनआई

आगरा। शहर और आसपास के इलाके में इन दिनों में एक नए किस्म का माल वाहक ठेला रिक्शा सड़कों पर दौड़ता नजर आता है। इन ठेलों में इंजन लगा हुआ है और ये किसी भी तरह का सामान ढोने के काम में लगे दिखते हैं। शहर के व्यस्ततम मार्गों पर ये ठेले लम्बे-लम्बे बांस बल्ली और लोहे की सरिया-एंगिल लादे हुए गुजरते दिख जाते हैं। पांच फुट का ठेला 25 फुट लम्बा बांस, सरिया, एंगिल लादकर अपनी गति से बगैर नियम कानून को माने सरपट दौड़ रहे हैं। जहां मन हुआ वहां ब्रेक लगा दिए जाते। इन ठेलों के पीछे वाहनों की लम्बी कतार से यातायात रुक जाता है। दोपहिया चालक दाएं-बाएं कर जान खतरे में डालकर निकलने को मजबूर रहते हैं। सुरक्षित यातायात के लिए यह ठेले



चुनौती हैं। ये बिना नियमों के मुख्य सड़कों पर फर्राटा भरते हैं। इंजन वाले इस जुगाड़ से बने वाहन का लाइसेंस नहीं बन सकता है। ऐसे नाजायज वाहन से जब दुर्घटना होती तो जिम्मेदार कौन होगा। प्रशासन के बड़े अधिकारी जिनकी उपेक्षा से ऐसे वाहन सड़क पर दौड़ ही नहीं बल्कि राहगीरों की जान को भी खतरे में डाल रहे हैं।













# वैदिक संस्कारों संग आठ सौ आर्यजनों ने निकाली ऐतिहासिक शोभायात्रा

■ आज से शुरू होगा तीन दिवसीय आर्य महासम्मेलन, दिया आमंत्रण

एनएनआई



**आगरा।** आर्य केंद्रीय सभा की ओर से तीन दिवसीय आर्य महासम्मेलन का आयोजन कमला नगर स्थित जनक पार्क में किया जा रहा है। गुरुवार को आर्यजनो ने वैदिक संस्कार, नशामुक्ति, नारी सम्मान और सामाजिक समरसता का संदेश देकर शोभायात्रा से पुरे शहर को आर्य महासम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। प्रधान सीए मनोज खुराना ने बताया कि वेदों में निहित सिद्धांत आज भी समाज को सही दिशा दिखाने में सक्षम हैं। सुबह नौ बजे हवन और प्रवचन के बाद शोभायात्रा कमला नगर के जनक पार्क से आरम्भ हुई जो कमला नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः जनक पार्क पर समाप्त हुई। जिसमे लगभग ८०० आर्यजनो ने वैदिक उद्घोष से वेदों की ओर लौटो और समाज में व्याप्त कुरीतियों, ढोंग, पाखंड, अंधविश्वासों को दूर करने का सन्देश दिया।

मंत्री वीरेंद्र कनवर ने बताया कि नशामुक्ति, शिक्षा का प्रसार, नारी सम्मान और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर अखिल भारतीय आयोजनों की श्रृंखला में आर्य महासम्मेलन 30, 31 जनवरी और 1 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में वैदिक विद्वान स्वामी रामदेव, स्वामी आर्यवेश, आचार्य स्वदेश, आचार्य वागीश, कुलदीप आर्य, राजीव गुलाटी, जितेंद्र भाटिया और आचार्या पवित्रा वैदिक विचारों पर मंथन करेंगे।

कार्यक्रम संयोजक प्रदीप कुलश्रेष्ठ ने बताया कि एतिहासिक शोभायात्रा में आर्यवीर दल के बच्चों ने अनुशासन और शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन किया। यात्रा के दौरान वेद मंत्रों का उच्चारण, संजीव वैदिक हवन की झांकी और महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों से युक्त झांकियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं। मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में समाज में फैली कुरीतियों का विरोध और सुधार की भावना जागृत करने के साथ-साथ युवाओं को चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा करने को प्रेरित किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, आर्य अश्वनी, प्रेमा कनवर, सुमन कुलश्रेष्ठ, नमिता शर्मा, रितिका अरोरा, विकास आर्य, अनुज आर्य, अरविंद मेहता, डॉ. अनुपम गुप्ता, भारत भूषण सामा, प्रदीप डेम्बल, वंदना आर्य, राजीव दीक्षित, विजय अग्रवाल, आलोक आर्य, यतेंद्र आर्य, सुशील असीजा, अवनींद्र गुप्ता, वीरेंद्र खंडेलवाल, राजकुमार आहुजा, अश्वनी डेम्बल, रंगलाल गौतम आदि मौजूद रहे।

# ताज महोत्सव-2026: ब्रज की कला और संस्कृति का दिखेगा संगम

- 18 से 27 फरवरी से सजेगा ताज महोत्सव
- ओडीओपी और शिल्प कला के 500 स्टॉलों से गुलजार होगा महोत्सव
- बॉलीवुड, सूफी और पंजाबी नाइट के साथ मचेगा सांस्कृतिक धमाल
- 34वें ताज महोत्सव को ऐतिहासिक और भव्य बनाने में जुटा पर्यटन विभाग



एनएनआई

**आगरा।** ताजनगरी में शिल्प, कला और संस्कृति के मेले 'ताज महोत्सव-2026' की भव्य तैयारियां शुरू हो गई हैं। योगी सरकार के मार्गदर्शन में पर्यटन विभाग इस बार 34वें ताज महोत्सव को ऐतिहासिक और भव्य बनाने में जुटा है। ब्रज की कला और देश-प्रदेश की समृद्ध संस्कृति की झलक पेश करने वाले इस महोत्सव के लिए 5.71 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया गया है।

इस बार का आयोजन 18 से 27 फरवरी 2026 तक इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) परिसर में किया जाएगा। प्रशासन ने आयोजन को सफल बनाने के लिए कमर कस ली है और स्थल पर काम भी शुरू हो चुका है। योगी सरकार का प्रयास है कि ताज महोत्सव के जरिए स्थानीय कारीगरों और शिल्पकारों को बड़ा मंच मिले। इसी उद्देश्य से इस बार महोत्सव का दायरा बढ़ाया गया है। पिछले वर्ष जहां 300 स्टॉल लगाए गए थे, वहीं इस बार 500 स्टॉल स्थापित किए जाएंगे। इनमें आगरा मंडल के बेहतरीन उत्पादों के साथ-साथ प्रदेश के अन्य जनपदों के 'एक जनपद-एक उत्पाद' (ओडीओपी) की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके अलावा यूपी हैंडीक्राफ्ट, कारपेट और पॉटरी के बेस्ट स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहेंगे। प्रशासन द्वारा 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर स्टॉलों का आवंटन किया जा रहा है। होटल जेपी पैलेस के निकट इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) परिसर में पहली बार आयोजित होने जा रहे ताज महोत्सव में दर्शकों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा गया है। लगभग 04 एकड़ क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए फतेहाबाद रोड और ताजनगरी रोड दोनों तरफ से एंट्री और एग्जिट की व्यवस्था रहेगी। परिसर के अंदर मुख्य मंच, कलाकारों के लिए ग्रीन रूम, मीडिया गैलरी, दर्शक दीर्घा, फूड जोन, फन जोन, झूले और फ्लावर शो के लिए अलग- अलग स्थान निर्धारित किए गए हैं।

मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि ताज महोत्सव आगरा की पहचान है। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप इस बार आयोजन को और भी भव्य रूप दिया जा रहा है। हमने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सुरक्षा, यातायात और पार्किंग की व्यवस्था सुदृढ़ रखें। कलाकारों के चयन और टेंडर प्रक्रिया में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएंगी ताकि देश- विदेश से आने वाले पर्यटकों को एक यादगार अनुभव मिल सके। इस बार का ताज महोत्सव न केवल मनोरंजन का केंद्र होगा, बल्कि यह स्थानीय शिल्पकारों और कलाकारों को एक वैश्विक मंच भी प्रदान करेगा।

## सूदखोरों के चंगुल से जल्द आजाद होंगे सफाई कर्मचारी

एनएनआई



**आगरा।** वाल्मीकि महा पंचायत के अध्यक्ष तख्त चौधरी गौरव वाल्मीकि के नेतृत्व में वाल्मीकि समाज के लोगों ने जिला अधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी से मिलकर सूदखोरों के खिलाफ कार्यवाही के लिए प्रार्थना पत्र दिया। गौरव वाल्मीकि ने बताया कि नगर निगम, जलकल विभाग, छावनी परिषद आदि सरकारी व अर्ध सरकारी विभागों में वाल्मीकि समाज के लोग सफाई कर्मचारी या अन्य पदों पर कार्यरत हैं जो कि वेतन भोगी है इनमें से करीब 85 परसेंट लोगों को सूदखोरों ने अपने जाल में फंसा लिया है। उनके द्वारा बैंक कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर कर्मचारी का वेतन निकाल लिया जाता हैं, जबकि विड्रोल पर कर्मचारी के हस्ताक्षर भी नहीं होते और बताया कि इतना ही नहीं सूदखोरों ने कर्मचारियों के बैंक अकाउंट में अपने मोबाइल नंबर दर्ज करवा रखे है अनपढ़ कर्मचारियों के फर्जी हस्ताक्षर कर चेक बुक और एटीएम कार्ड भी जारी करा रखे है जिनका उपयोग वह स्वयं करते हैं जब कर्मचारी और उसके परिजनों द्वारा इनका विरोध किया जाता हैं,तो सूदखोरों के गुर्गे उनके साथ मारपीट भी करते हैं गौरव वाल्मीकि ने कई साक्ष्य जिला अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत किए जिस पर उन्होंने एडीएम सिटी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर सूदखोरों के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही है और कहा है कि जल्द ही पुलिस द्वारा सूदखोरों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। जिला अधिकारी महोदय से मुलाकात करने वालों में, संजय ऊंचिया, बिरजू नरवार, राहुल चौहान, हर्ष चौधरी, मानव चौधरी, शिवम चौहान, आरव वाल्मीकि, विवेक नरवार आदि लोग शामिल रहे

## 14480 हेक्टे. भूमि पर विकसित होगा आगरा अर्बन सेंटर

एनएनआई



**आगरा।** लघु सभागार में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की बैठक हुई, जिसमें आगरा में लगभग 14480 हेक्टे. भूमि में यीडा द्वारा विकसित किए जाने वाले आगरा अर्बन सेंटर के ड्राफ्ट मास्टर प्लान-2041 का प्रस्तुतीकरण दिया गया। अवगत कराया गया कि आगरा अर्बन सेंटर का विकास तीन चरणों में पूरा होगा। जिसमें गैरप्रदूषणकारी उद्योग लगाने, हॉस्पीटेलिटी, पर्यटन, आई टी उद्योग और सतत विकास पर मुख्यतः फोकस रहेगा जिससे लगभग 10 लाख लोगों के लिए रोजगार सृजन होगा।

आगरा अर्बन सेंटर में लगभग 1878 हेक्टे क्षेत्र में आवासीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सेक्टर स्तर से एचआईजी, एमआईजी, एलआईजी और ईडब्ल्यूएस हाउसिंग की प्लानिंग की गयी है जिसमें 12 से 15 लाख लोगों की रहने की सुविधा होगी। वहीं लगभग 3 हजार हेक्टे. में औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जाएगा। 405 हेक्टे. में पर्यटन क्षेत्र का दो जोन में डवलपमेंट किया जायेगा जिसमें लक्जरी/बजट होटल, रिसोर्ट, एग्जीबिशन एण्ड ट्रेड सेंटर, रिवरफ्रन्ट, थीम पार्क, वेलनेस सेंटर आदि सुविधाएं विकसित होगीं। गोल्फ कोर्स, स्पोर्ट्स विलेज और बायोडायवर्सिटी पार्क की भी प्लानिंग की गयी है। हरित क्षेत्र विकसित करने हेतु सिटी लेवल के दो और डिस्ट्रिक लेवल पर चार पार्क बनेंगे। 256 मेगावाट क्षमता का सोलर पार्क तैयार किया जाएगा। हवाई, रेल, मेट्रो और हाइवे/एक्प्रेसवे से कनैक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए रोड नेटवर्क, इंटरचेंज और ट्रांसपोर्टेशन का विकास किया जाएगा।

## एक फरवरी को आयोजित होगा भव्य हिंदू विराट सम्मेलन

एनएनआई



**आगरा।** आगामी एक फरवरी को अंबेडकर सामुदायिक केंद्र छीपीटोला आगरा के पावन प्रांगण में एक विशाल 'हिंदू विराट सम्मेलन' का आयोजन होने जा रहा है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना जगाना और सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण करना है। इस भव्य आयोजन में देश के दो प्रखर आध्यात्मिक व्यक्तित्व अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। आर्यिका 105 विश्रेय, माताजीः जैन दर्शन की विदुषी माता अपने ओजस्वी प्रवचनों से अहिंसा, संयम और धर्म के मार्ग पर चलने का पाथेय प्रदान करेंगी। स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती : प्रखर वक्ता और धर्म रक्षक स्वामी हिंदू संस्कृति की मजबूती और वर्तमान वैश्विक चुनौतियों पर समाज का मार्गदर्शन करेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र सह संपर्क प्रमुख हरीश रौतेला संघ के 100 वर्षों की हिन्दू समाज को संगठित करने की यात्रा के बारे में विस्तार से बताएंगे। सम्मेलन का शुभारंभ समय दोपहर 2:00 बजे दीप प्रज्वलन के साथ होगा। आयोजन समिति के अनुसार, इस सम्मेलन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र रक्षा और सामाजिक समरसता का संकल्प भी लिया जाएगा।

## काठमांडू में आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय आयुष कॉन्क्लेव

### आयुष चिकित्सकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं आधुनिक तकनीकों की दी जाएगी जानकारी

एनएनआई

**आगरा।** अंतरराष्ट्रीय आयुष कॉन्क्लेव 4.0 (नेपाल संस्करण) जून 2026 में काठमांडू (नेपाल) में आयोजित किया जाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन आगरा की संस्था सिविक (काउंसिल फॉर इंटीग्रेटिव वैद्य इनोवेशन एंड कोलैबोरेशन) द्वारा किया जा रहा है। यह जानकारी साझा करते हुए सिविक के प्रतिनिधि डॉ. एम. एम. कुरैशी ने बताया कि इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य आयुष प्रणालियों को वैश्विक मंच पर सशक्त पहचान दिलाना और आयुष चिकित्सकों को भविष्य के लिए तैयार करना है।

डॉ. कुरैशी ने कहा कि इस कॉन्क्लेव के माध्यम से आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी जैसी सभी आयुष पद्धतियों को एक साझा मंच पर लाया जाएगा, ताकि आयुष को एक वैज्ञानिक एवं सशक्त वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली के रूप में स्थापित किया जा सके। उन्होंने बताया कि यह आयोजन आयुष चिकित्सकों, शोधकर्ताओं, औषधि निर्माताओं एवं वेलनेस विशेषज्ञों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संवाद और सहयोग का अवसर प्रदान करेगा।

डॉ. कुरैशी ने कहा कि इस आयोजन में 10 से अधिक देशों तथा भारत के 20 से अधिक राज्यों से 200 से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। यह कॉन्क्लेव नेपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जो भारत और नेपाल के वेलनेस एवं हेल्थ इकोसिस्टम को आपस में जोड़ने का कार्य करेगा।

# 10 करोड़ से बन रहा भव्य 'बुद्धा पार्क'

## कालिंदी विहार में 15 एकड़ में तैयार हो रहा मॉडल पार्क, 20 फीट ऊंची होगी भगवान बुद्ध की प्रतिमा

एनएनआई

आगरा। ताजनगरी में योगी सरकार की पहल पर 'वेस्ट टू बेस्ट' की एक शानदार मिसाल तैयार की जा रही है। शहर के कालिंदी विहार क्षेत्र का खत्ता पार्क, जो कल तक गंदगी और कूड़े के ढेर के लिए जाना जाता था, अब जल्द ही शांति, आध्यात्म और हरियाली का नया केंद्र बनने जा रहा है। कालिंदी विहार 100 फुटा रोड, शाहदरा के पास लगभग 15 एकड़ क्षेत्रफल में ?10 करोड़ की लागत से एक भव्य और आधुनिक 'बुद्धा पार्क' का निर्माण युद्धस्तर पर जारी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आगरा नगर निगम इस उपेक्षित इलाके को एक 'मॉडल पार्क' के रूप में विकसित कर रहा है। जहाँ कभी नाक पर रुमाल रखकर निकलना पड़ता था, वहां अब ताजी हवा और हरे-भरे पेड़-पौधे नजर आने लगे हैं।

इस परियोजना का सबसे मुख्य आकर्षण भगवान बुद्ध की 20 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा होगी। यह प्रतिमा 'धर्मचक्र मुद्रा' में स्थापित की जा रही है। यह वही मुद्रा है जिसमें भगवान बुद्ध ने सारनाथ में अपने पांच शिष्यों को अपना पहला उपदेश दिया था। खास बात यह है कि इस प्रतिमा के भीतर एक विशेष 'ध्यान कक्ष' (मेडिटेशन स्पेस) विकसित किया जा रहा है। यहां आने वाले पर्यटक और श्रद्धालु बाहरी शोर- शराबे से दूर, शांत वातावरण में ध्यान और आत्मचिंतन कर सकेंगे। यह पार्क को केवल घूमने की जगह नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक केंद्र भी बनाएगा।

**दीवारों पर उकेरी जाएगी बुद्ध की जीवन गाथा**



बुद्धा पार्क में एक लंबी गोलाकार 'वॉल म्यूरल' बनाई जा रही है, जो अपने आप में अनूठी होगी। इस दीवार पर भगवान बुद्ध के पूरे जीवन चक्र को चित्रों और कलाकृतियों के माध्यम से दशार्या जाएगा। इसमें उनके जन्म स्थान लुंबिनी से लेकर कुशीनगर में महापरिनिर्वाण (मोक्ष) तक की यात्रा को जीवंत किया जाएगा। यह म्यूरल नई पीढ़ी के लिए शैक्षणिक और पर्यटकों के लिए दर्शनीय होगा।

योगी सरकार के 'ग्रीन यूपी' मिशन के तहत इस पार्क में सस्टेनेबिलिटी (स्थिरता) का पूरा ध्यान रखा गया है। पार्क के निर्माण में प्राकृतिक और स्थानीय सामग्री से बनी टेराकोटा जाली का उपयोग हो रहा है, जिससे वेंटिलेशन अच्छा रहेगा और बिजली की बचत होगी। बारिश के पानी को सहेजने और भूजल स्तर सुधारने के लिए वॉटर रिचार्ज पिट बनाए जा रहे हैं। आगंतुकों के लिए गजेबो, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षित बोलार्ड लाइटिंग और सुंदर लैंडस्केपिंग का कार्य अंतिम चरण में है।

अधिशासी अभियंता अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि बुद्ध पार्क का विकास कार्य तेजी से चल रहा है। हमारा उद्देश्य केवल एक पार्क बनाना नहीं, बल्कि भगवान बुद्ध के शांति और अहिंसा के संदेश को आम जन तक पहुंचाना है। 15 एकड़ में फैला यह पार्क आगरा के लोगों के लिए सुबह की सैर, योग और परिवार के साथ सुकून के पल बिताने का पसंदीदा स्थान बनेगा। निर्माण कार्य में गुणवत्ता और पर्यावरण संरक्षण के मानकों का पूरा पालन किया जा रहा है। जल्द ही यह पार्क जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।"

**पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान**

बुद्धा पार्क न केवल स्थानीय निवासियों के लिए सुबह की सैर और सुकून का ठिकाना बनेगा, बल्कि आगरा आने वाले देश- विदेश के पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र होगा। ताजमहल के शहर में अब पर्यटक भगवान बुद्ध के संदेशों और शांति का अनुभव भी कर सकेंगे। योगी सरकार का यह प्रयास आगरा की छवि बदलने में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

## क्षेत्र बजाजा कमेटी को जनसेवा के लिए दान में मिला ऑक्सीजन कंसंट्रेटर




आगरा एनएनआई। श्री क्षेत्र बजाजा कमेटी को एक 10 किलोग्राम का ऑक्सीजन कंसंट्रेटर जन सेवा के लिए दान में मिला है।यह कंसंट्रेटर शहर के बाग मुजफ्फर खान निवासी विनोद कुमार अग्रवाल द्वारा भेंट किया गया है। आज विद्युत मोक्ष धाम पर उन्होंने सपत्नी आकर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओम टंडन की मौजूदगी में कमेटी को प्रदान किया । महासचिव राजीव अग्रवाल ने बताया कि ऑक्सीजन कंसंट्रेटर सेवा कमेटी की महत्वपूर्ण सेवा है।जिसके अन्तर्गत मरीज को घर के लिए यह सेवा रिफंडेबिल सुरक्षा राशि लेकर 15 दिन के लिए निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।इस मौके पर कमेटी के उपाध्यक्ष विष्णु गर्ग ,कोषाध्यक्ष ताराचंद गोयल, प्रबंधक शिवकुमार गुप्ता , मनोज शर्मा , संजीव कुमार गुप्ता, श्याम भोजवानी, माता प्रसाद अग्रवाल,आदि मौजूद रहे।

## आगरा कैंट पर 'वंदे मातरम्' पर आरपीएफ ने दी बैंड परफॉर्मेंस

आगरा एनएनआई। आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर रेल सुरक्षा बल द्वारा वंदे मातरम् थीम के अंतर्गत एक भव्य बैंड परफॉर्मेंस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंडल रेल प्रबंधक, गगन गोयल की अध्यक्षता में तथा वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त पी. राज मोहन के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) प्रणव कुमार सहित मंडल के विभिन्न शाखा अधिकारी एवं अन्य रेल अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में यात्रियों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया। रेल सुरक्षा बल की प्रशिक्षित बैंड टीम द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों ने स्टेशन परिसर को राष्ट्रप्रेम की भावना से सराबोर कर दिया। यात्रियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। बैंड टीम में लक्ष्मीकांत कुशवाहा, धन सिंह, मणिकांत मिश्रा, राजेश कुमार पटवारी, गुंजन कुमार भारती, मुजफ्फर खान, निखिल कुमार, धर्मेन्द्र कुमार यादव, वीरेन्द्र कुमार यादव एवं अंकित पांडेय शामिल रहे।





## नारी से नारायणी को लेकर हुई बैठक

आगरा एनएनआई। नारी से नारायणी कार्यक्रम के तहत गणेश राम नागर बालिका विद्या मन्दिर, बल्केश्वर में बैठक आयोजित की गई। एक नारी से नारायणी बनने वाली महिलाओं के साथ इस कार्यक्रम को 7 और 8 मार्च को विज्ञान भवन दिल्ली में नारी से नारायणी पर एक भव्य कार्यक्रम किया जा रहा है। आगरा में भी इसका आयोजन विदुषी संगम के नाम से किया जा रहा है।

बैठक में राष्ट्र सेविका समिति की अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख शरद दीदी का मार्गदर्शन रहा। ब्रज प्रांत की संयोजिका जया चतुर्वेदी ने कहा विदुषी संगम जो की नारी से नारायणी का कार्यक्रम के अंतर्गत किया जा रहा है वह महिलाओं में वैचारिक प्रगति का एक और माध्यम बनेगा। आयोजन समिति में बीना शर्मा पूर्व प्राचार्य केंद्रीय हिंदी संस्थान, प्राचार्य बैकुंठी देवी कॉलेज पूनम, अमिता गर्ग, दीपिका मित्तल, चारु पटेल से और राष्ट्र सेविका समिति से दुर्गेश शर्मा, रति, श्रुति सिंघल, मीनाक्षी ऋषि, पूर्ति चतुर्वेदी, अरुणा गुप्ता, मीना गुप्ता, रीना जैन उपस्थित रही।

## 'पापा' की शिकायत पर डीएम ने सुना स्कूल का प्रकरण

एनएनआई

आगरा। शिक्षा व्यवस्था से जुड़े एक गंभीर प्रकरण को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग कार्यालय परिसर में प्रोग्रेसिव एसोसिएशन ऑफ पैरेंट अवेयरनेस के द्वारा शांतिपूर्ण धरना दिया जा रहा था लेकिन दो दिन धरने के बाद भी बीएसए धरना स्थल पर नहीं पहुंचे जिसके बाद पापा संस्था के अध्यक्ष दीपक सिंह सरीन ने कलेक्ट्री स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना देने की घोषणा की।



कलेक्टर पहुंचने पर डीएम से मुलाकात हुई, जिलाधिकारी ने पूरे प्रकरण को गंभीरता से सुना, उपलब्ध दस्तावेजों और तथ्यों को समझा तथा प्रथम दृष्टया नाराजगी भी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि मामले को हल्के में नहीं लिया जाएगा और इस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए संबंधित पत्र को लखनऊ स्थित शिक्षा निदेशक के लिए मार्क कर दिया है ताकि शासन स्तर पर भी इस विषय का संज्ञान लिया जा सके और उच्च स्तर से जवाबदेही तय हो।

इसी क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, आगरा द्वारा भी एक संयुक्त जांच समिति का गठन किया गया है तथा संबंधित विद्यालय को आवश्यक अभिलेखों और स्पष्टीकरण के लिए औपचारिक पत्र जारी किया गया है। दीपक सरीन ने कहा कि इस प्रकरण में लिखित रूप से जांच की ठोस प्रक्रिया अब जाकर प्रारंभ हुई है। निर्णय लिया गया है कि धरने को फिलहाल कुछ समय के लिए स्थगित किया जा रहा है।यदि जांच प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया, या तय समय सीमा में ठोस परिणाम सामने नहीं आए, तो आगे की रणनीति पुनः लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से तय की जाएगी। धरने में पंकज टंडन, सोनू कुमार, अजय वर्मा, सोनिया सिंह, राजेंद्र खन्ना, सुमित सक्सेना भोज कुमार आदि शामिल रहें।

## किसान योजनाओं पर हुई चर्चा

आगरा एनएनआई। कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटिड द्वारा आहर रेस्टोरेंट संजय प्लेस आगरा पर एक सामूहिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें प्रदीप कुमार भाटी अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लिमिटेड, आदित्य कुमार दुबे अपर आयुक्त, डॉ मनीष चौहान वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक कृभको आदि मौजूद रहे। डॉ मनीष चौहान द्वारा बताया कि कृभको किस प्रकार से किसानों के लिए लाभकारी योजनाएं चल रही है। अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक सहकारिता द्वारा कृभको के द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की प्रशंसा की। अपर जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया कि अधिकारियों का व्यवहार तो बहुत अच्छा है परंतु समय पर उर्वरक नहीं उपलब्ध करा पाते हैं। में प्रवेश कुमार सिंह क्षेत्र प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।



# मारपीट में घायल युवक की मौत आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम

एनएनआई





**खेरागढ़।** थाना क्षेत्र के कैथोली गांव निवासी युवक दीपक की मारपीट के बाद इलाज के दौरान हुई मौत से क्षेत्र में जबरदस्त आक्रोश फैल गया। गुरुवार को गुस्साए ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में खेरागढ़ तहसील मुख्यालय गेट पर पहुंचकर ट्रैक्टर खड़ा कर जाम लगा दिया, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। प्रदर्शन में महिलाओं की भी भारी भागीदारी रही। आक्रोशित लोग आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

परिजनों के अनुसार, 4 दिसंबर को उटगन नदी पुल के पास दीपक पर छह युवकों ने मिलकर हमला किया था। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पहले स्थानीय स्तर पर उपचार के बाद उसे आगरा के एस.एन. मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी रही। करीब डेढ़ माह तक चले इलाज के बाद दीपक ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर गांव पहुंचते ही मातम और गुस्से का माहौल बन गया।

मौत से आक्रोशित ग्रामीण और महिलाएं सीधे तहसील गेट पर पहुंच गईं। उन्होंने ट्रैक्टर खड़ा कर मुख्य मार्ग को अवरुद्ध कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि घटना के बाद भी पुलिस ने तेजी से कार्रवाई नहीं की, जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। मामले में तीन नामजद और तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अब तक एक नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस टीमों को उनकी तलाश में लगाया गया है।

जाम और बढ़ते तनाव को देखते हुए डीसीपी आदित्य कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। उन्होंने शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो दिन के भीतर ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं खेरागढ़ विधायक भगवान सिंह कुशवाह भी धरनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी और न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। करीब कई घंटों तक चले प्रदर्शन और वार्ता के बाद प्रशासन के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। हालांकि क्षेत्र में तनाव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर निगरानी बढ़ा दी गई है।

# खेतों में सरसों संग बिछ गई गेंहू की फसल, नुकसान से किसान परेशान

एनएनआई

**बाह।** जैतपुर, बाह क्षेत्र में तीसरे दिन भी बादल छाए रहे, तेज हवाएं चली। नतीजतन सरसों के साथ गेंहू की फसल भी खेतों में बिछ गई है। ब्रहस्पतिवार की सुबह खेतों में बिछी फसल में नुकसान को लेकर किसान पुरषोत्तम सिंह, धनियापुरा के उमाशंकर, बाघराजपुरा के पवन, गुमानसिंह पुरा के राजकुमार, पुरा कनेरा के विजय सिंह, धोबई के भरत सिंह, हिंगोट खेडा के प्रताप सिंह ने बताया कि सरसों की अगैती फसल में धूप निकलने पर फलियां चटकने से



परेशान हो उठे हैं। बाह और जैतपुर क्षेत्र के 150 गांवों में सरसों की अच्छी फसल थी, मंगलवार को तेज हवा के साथ दिन रात हुई बारिश से खेतों में सरसों की अगैती फसल बिछ गई थी। ब्रहस्पतिवार को भी तेज हवाएं चली जिससे सरसों की पछैती फसल एवं गेंहू की अगैती फसल खेतों में बिछ गई है। किसान जरार के दाना झड़ने एवं पछैती फसल में फूल झड़ने से उपज और गुणवत्ता प्रभावित होगी। उन्होंने बताया कि बारिश नहीं थमी तो मेहनत और लागत भी निकलना मुश्किल हो जाएगा। तेज हवा चलने की बजह से गेंहू की अगैती फसल भी खेतों में बिछ गई है। जिससे उत्पादन घटेगा, चारे की समस्या रहेगी।

# ब्रज के गीतों संग संतों ने श्रद्धालुओं के साथ लगाई 7 कोस की परिक्रमा

एनएनआई



**बाह।** बटेश्वर में एकादशी पर ब्रज के गीत, नृत्य संग श्रद्धालुओं ने ब्रहस्पतिवार को यमुना की पवित्रता की अलख जगाई। यमुना बचाओ अभियान की मुहिम चला रहे संत सियाराम दास महाराज ने बटेश्वर के घाट पर नदी की सिकुड़ी धार और मैले आंचल पर चिंता जताई। श्रद्धालुओं को नदी में गंदगी न डालने की शपथ दिलाई। सरकार से नदी के पौराणिक स्वरूप को बहाल किए जाने की मांग की। यमुना और ब्रह्मलाल जी महाराज के पूजन के साथ संत और श्रद्धालुओं ने 7 कोस की परिक्रमा लगाई। जज्ञ, शौरीपुर, मोरहारी, वन खंडेश्वर, हनुमान गढ़ी, मनमथ होते हुए बटेश्वर के आश्रम पर संपन्न हुई परिक्रमा के दौरान ब्रज के गीत और नृत्य के साथ हर हर महादेव एवं राधे राधे की गूंज सुनाई दी। नुक्कड़ों पर लोगों को यमुना बचाओ अभियान से जुड़ने एवं नदी का आंचल मैला न करने के लिए जागरुक एवं प्रेरित किया। समापन पर सियाराम दास महाराज ने जिला पंचायत से परिक्रमा मार्ग की सफाई एवं शौचालय, पेयजल की व्यवस्था कराए जाने की मांग की। जिससे महिला श्रद्धालुओं को परेशानी न उठानी पड़े। इस दौरान पागलदास महाराज, गोपाल दास, प्रेमदास, ब्रह्मानन्द महाराज, बलराम दास, शिवदयाल दास, भोलेगिरी महाराज, सोनपाल गिरी, प्रेमानंद, ज्ञानदास आदि मौजूद रहे।

# बटेश्वर में 'नाच नचाए जिंदगी' फिल्म की शूटिंग

एनएनआई

**बाह।** बटेश्वर में हिंदी फिल्म 'नाच नचाए जिंदगी' की शूटिंग शुरू हुई। बान्या दि रेका मीडिया प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही नांच नचाए जिंदगी फिल्म की कहानी एक बेरोजगार युवक के इर्द गिर्द घूमती है। जिसमें रोजगार के लिए नांच नचाती जिंदगी दिखेगी। फिल्म के निदेशक शिव कुमार त्रिपाठी, प्रड्यूसर मोहित त्यागी ने बताया कि रोजगार एवं पारिवारिक चुनौतियों के बीच पनपे प्यार और आस्था की कहानी में भोजपुरी अभिनेत्री सोनाली मिश्रा नायिका के रूप में एवं अनिल कृष्ण नायक के रूप में दिखेंगे। संगीत रविकुमार, अनुज तिवारी देंगे। बटेश्वर की शिव मंदिर श्रंखला के पार्श्व में प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री अरिदमन सिंह, दीवान पारना अनिरुद्ध सिंह पर मुहुर्त



शॉट फिल्माया गया। इसके बाद सोनाली मिश्रा पर ब्रह्मलाल जी मंदिर में पूजा का दृश्य कैमरे में कैद किया। शूटिंग के दौरान घाट के आस पास भीड़ रही। सोनाली मिश्रा ने बताया कि हिंदी फिल्म नांच नचाए जिंदगी में चुनौती पूर्ण किरदार को निभाने का अवसर मिला है। लोकेशन अच्छी है। इस दौरान पुजारी राकेश वाजपेयी, लाल सिंह चौहान, संतोष गहलौत, रौबी चौहान, अंकित भदौरिया, अरुण, अजय भदौरिया आदि रहे। फिल्म की शूटिंग पारना, गढिया गांव में भी होगी।

# यूजीसी के नए विनियमों पर रोक पर अधिवक्ताओं ने मनाया जश्न

एनएनआई



**आगरा।** यूजीसी (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने) विनियम, 2026 के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के बाद गुरुवार को आगरा के दीवानी परिसर में अधिवक्ताओं ने जश्न मनाया। अधिवक्ताओं ने भारत माता की प्रतिमा के पास एकत्र होकर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का स्वागत किया और मिठाइयां बांटीं। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी अजय सिंह ने कहा कि जब केंद्र सरकार यह बिल लेकर आई थी, तभी से देशभर में जनता ने सड़कों पर उतरकर इसका कड़ा विरोध किया था। छात्रों, शिक्षकों और आम नागरिकों ने इस बिल को शिक्षा व्यवस्था के लिए नुकसानदायक बताया था। जनविरोध को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए फिलहाल इस पर रोक लगा दी है, जिसका अधिवक्ता समाज दिल की गहराई से स्वागत करता है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब सरकार को बाद में ऐसे बिल वापस ही लेने पड़ते हैं, तो उन्हें लाने की जरूरत ही क्या है। यदि सरकार वापसी के समय यह कहती है कि निर्णय राष्ट्रहित में लिया गया है, तो फिर यह स्पष्ट होना चाहिए कि पहले लाया गया बिल क्या राष्ट्रहित के खिलाफ था। ऐसे कदम देश की जनता के साथ छलावा हैं। अधिवक्ता अजय सिंह ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि मंडल आयोग के समय भी देश में भारी विरोध हुआ था। उस दौर में तत्कालीन प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आयोग को लागू तो कर दिया, लेकिन उसकी राजनीतिक कीमत उन्हें जीवनभर चुकानी पड़ी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी लगातार ऐसे विवादित और जनविरोधी बिल लाने के लिए मजबूर होती रही, तो आगामी चुनावों में उसे गंभीर राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# योगी भाई बहिन सनातन धर्म की ओर अग्रसर

**आगरा एनएनआई।** योगा पार्क ब्रज पब्लिक स्कूल ट्रांस यमुना में 17 वर्षों से लगातार हो रहे योगा क्लास में श्री श्याम किशोर शर्मा-प्रान्त कार्यकारणी सदस्य विश्व हिन्दू परिषद (ब्रज प्रान्त) तथा उनकी धर्म पत्नी राखी शर्मा द्वारा रामचरित मानस का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री शर्मा द्वारा श्रीराम जी की जीवन गाथा को विस्तार पूर्वक व्यक्त किया, जिससे श्री राम भगवान जी के पद चिन्हों पर चलकर सभी अपने जीवन में अच्छाइयों को उतारने का प्रयास कर सकें। कार्यक्रम में लोकेश गुप्ता जी योगाचार्य, अमित बंसल, राजेश राठौर, राममोहन, धर्मेंद्र, कालीचरण त्यागी, प्रेम सिंह, सीताराम, मंजू यादव, अंजू सिंह, लक्ष्मी अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, वाणी सिकरवार, रेखा राजावत, मंजू गुप्ता, सीमा त्यागी आदि मौजूद रहे।



## संपादकीय

# बिहार में सभी को राज्यसभा चुनाव का इंतजार

बिहार में कई बड़े राजनीतिक घटनाक्रम की संभावना बनती दिख रही है। नीतीश कुमार ने ठंड में समृद्धि यात्रा सिर्फ भाजपा को दिखाने के लिए निकाली कि वे पूरी तरह से फिट हैं। तो दूसरी ओर नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बना कर भाजपा ने अपने बिहार प्लान की रूपरेखा जाहिर की है। भाजपा को इसी विधानसभा में अपना मुख्यमंत्री बनाना है। सवाल सिर्फ टाइमिंग का है। भाजपा की योजना के मुताबिक अगर वह पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में किसी तरह से जीत जाती है तो उसके बाद बिहार में बदलाव हो सकता है। अगर पश्चिम बंगाल में वह नहीं जीतती है तो अगले साल उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव तक इंतजार हो सकता है। नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यू के अंदर कई खेमे बन गए हैं, जो आपस में लड़ रहे हैं लेकिन हर खेमे में इस बात पर सहमति है कि सत्ता हाथ से नहीं जाने देनी है। यानी भाजपा का मुख्यमंत्री नहीं बनने देना है।इस वजह से दोनों बड़ी पार्टियों में गहरा अविश्वास बना है और इसके बीच कई नेता घर वापसी के लिए बेकरार हैं। सबसे बड़ी खबर यह है कि प्रशांत किशोर वापसी करना चाहते हैं। सूत्रों का कहना है कि वे अपनी पार्टी का विलय जनता दल यू में करने के लिए तैयार हैं।उदयकांत मिश्र ने प्रशांत किशोर की मुलाकात नीतीश से कराने का प्रयास किया तब तक बात लीक हो गई और पार्टी के दूसरे नेताओं ने इस मुलाकात को रोक दिया।नीतीश के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध एक बड़े नेता मानते हैं कि पीके की वापसी से पार्टी मजबूत होगी और भाजपा का खतरा कम होगा। लेकिन केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने अड़ंगा लगाया है। जब उनसे पीके की वापसी के बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ये तो जदयू को 25 सीट मिलने की बात करे थे और पार्टी के मिट्टी मिल जाने की भविष्यवाणी कर रहे थे। इसके बाद उनके एक करीबी सहयोगी ने कहा कि प्रशांत किशोर ने पहले बाहर से पार्टी को खत्म करने का प्रयास किया और जब कामयाबी नहीं मिली तो पार्टी में आकर उसे खत्म करने का काम करना चाहते हैं।प्रशांत किशोर के साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री और जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसीपी सिंह की वापसी की भी चर्चा है। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह नीतीश को मना रहे हैं कि वे बेटे को राजनीति में आने दें। नीतीश की हिचक का एक कारण तो यह है कि वे अपने को कपूर्री ठाकुर का शिष्य मानते हैं और उनके मन में यह बात बैठी है कि अपने सक्रिय रहते बेटे को राजनीति में नहीं लाना है। तभी माना जा रहा है कि पार्टी का जो खेमा निशांत की एंट्री के लिए सबसे ज्यादा बेचैन है वह भाजपा के एजेंडे के हिसाब से काम कर रहा है। निशांत की एंट्री का मतलब है कि नीतीश की विदाई होगी। भाजपा का इकोसिस्टम सेहत के आधार पर नीतीश कुमार की विदाई कराने की बुनियाद तैयार कर रहा है।दूसरा पहलू यह है कि नीतीश के सबसे इनर सर्किल के लोग, जिनमें उनके कुछ रिश्तेदार हैं, कुछ दूसरी कतार के नेता हैं और कुछ मौजूदा व पूर्व अधिकारी हैं वे चाहते हैं कि किसी तरह से नीतीश कुमार एक, अणे मार्ग में बने रहें। इसके लिए वे निशांत को भी अभी तुरंत सक्रिय राजनीति में लाने और कोई बड़ा पद देकर कद बढ़ाने के पक्ष में हैं। उनको कार्यकारी अध्यक्ष बनाने और राज्यसभा भेजने की मांग तेज हो रही है। जदयू के अंदर कई खेमे सक्रिय हैं और लग रहा है कि मार्च में पार्टी के अंदर शक्ति समीकरण बदलेगा। अगर प्रशांत किशोर आ गए तो अलग कहानी बनेगी।बिहार में कांग्रेस के छह विधायक हैं दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस के सभी छह विधायक मार्च में होने वाले राज्यसभा चुनाव का इंतजार कर रहे हैं। असल में बिहार में राज्यसभा की पांच सीटें खाली हो रही हैं, जिनमें से चार सीटें आसानी से भाजपा और जनता दल यू को मिल जाएंगी। पांचवीं सीट के लिए किसी के पास बहुमत नहीं है। एक सीट जीतने के लिए 41 वोट की जरुरत है, जबकि विपक्षी गठबंधन के पास 35 सीटें हैं। दूसरी ओर चार सीट जीतने के बाद सत्तापक्ष के पास 40 वोट बचते हैं। इसलिए सत्तापक्ष की राह आसान है लेकिन वहां गठबंधन में खींचतान की वजह से समस्या है। भाजपा और जदयू अपनी अपनी सीट जीत लेंगे लेकिन पांचवीं सीट किसके खाते में जाती है इस पर लड़ाई निर्भर करेगी। चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी के 19 विधायक हैं लेकिन चार विधायक वाले राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता उपेंद्र कुशवाहा अपनी सीट के लिए अड़े हैं और पांच विधायक वाले जीतन राम मांझी को चिराग से समस्या है।दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन के 35 विधायकों के साथ अगर ओवैसी के पांच विधायक जुड़ जाते हैं उनकी संख्या भी 40 हो जाती है। इनके अलावा बसपा के भी एक विधायक जीते हुए हैं। सो, एक सीट जीतने लायक संख्या दूसरी ओर भी बन जाती है।कांग्रेस के छह विधायक, आईआईपी के इकलौते विधायक और बसपा के विधायक अवसर के इंतजार में कहा है। कहा जा रहा है कि राजद की ओर से पांच बार राज्यसभा सांसद रहे प्रेमचंद गुप्ता फिर से लड़ सकते हैं। जो हो दोनों तरफ से ऐसा व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है, जिसको खुल कर पैसे खर्च करने में कोई समस्या नहीं होगी। तभी कहा जा रहा है कि कांग्रेस के छह विधायक भले मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के बुलावे पर दिल्ली आ गए लेकिन उनकी कोई दिलचस्पी कांग्रेस की राजनीति में नहीं है। वे मार्च का इंतजार कर रहे हैं कि कोई राज्यसभा उम्मीदवार उनसे संपर्क करे और उनका समर्थन मांगे। राज्यसभा चुनाव बीतने के बाद वे आगे की रणनीति बनाएंगे। सो बिहार में अब मामला दिलचस्प हो गया है। मार्च में राज्यसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार की पार्टी में कई बड़े फैसले होने हैं। उनसे पार्टी के भविष्य की राजनीति का भी अंदाजा मिलेगा।

# हर उम्र पर भारी पड़ रहा मोटापा

## तुरंत सुधार लें ये आदत वरना बढ़ सकती है परेशानी



**इकोनॉमिक सर्वे 2026 में कहा गया है कि भारत में मोटापा तेजी से बढ़ रहा है और ये देश के लिए गंभीर स्वास्थ्य चुनौती है। मोटापे को कंट्रोल करने के लिए विशेषज्ञों ने भोजन में सही पोषण वाली चीजें लेने और डाइट में सुधार को प्राथमिकता के तौर पर मानने पर जोर दिया है।**

दुनियाभर में तेजी से बढ़ती क्रॉनिक बीमारियों जैसे डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोगों के लिए जिन कारणों को सबसे ज्यादा जिम्मेदार माना जाता है- मोटापा उनमें से एक है। भारतीय आबादी में ये समस्या और भी तेजी से बढ़ती जा रही है। गुरुवार (29 जनवरी) को संसद में पेश इकोनॉमिक सर्वे में देश में बढ़ती इस गंभीर चुनौती को लेकर लोगों को अलर्ट किया गया है।

सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक मोटापे की स्थिति देश में खतरनाक दर से बढ़ रही है और ये गंभीर स्वास्थ्य चुनौती भी बनती जा रही है। विशेषज्ञ कहते हैं, बढ़ते वजन के लिए वैसे तो कई कारणों को जिम्मेदार माना जाता है, हालांकि खान-पान में गड़बड़ी इसकी मुख्य वजह पाई गई है। विशेषज्ञों ने इस समस्या से निपटने के लिए पर्याप्त पोषण वाले आहार का सेवन करने और डाइट्री रिफार्म को प्राथमिकता के तौर पर लेने पर जोर दिया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा, कम उम्र से ही आहार में सुधार पर ध्यान देने की जरूरत है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी में मोटापे की दिक्कत देखी जा रही है, इसलिए पौष्टिक आहार के सेवन की आदत बनाना सभी के लिए जरूरी है। सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक आहार में गड़बड़ी, लाइफस्टाइल में बदलाव जैसे ज्यादा देर तक बैठे रहने की आदत, अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स अधिक खाने और कुछ पर्यावरणीय कारक मोटापे की समस्या को बढ़ाते जा रहे हैं।

मोटापा सभी उम्र के लोगों को प्रभावित कर रहा है। इसके कारण डायबिटीज, दिल की बीमारी और हाइपरटेंशन का खतरा भी बढ़ रहा है। सर्वे में शहरी और ग्रामीण दोनों आबादी को मोटापे से प्रभावित पाया गया है।


विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि खाने वाली चीजों के पैकेट के सामने की तरफ चेतावनी के साथ हाई फैट, शुगर और सॉल्ट (एचएफएसएस) की न्यूट्रिशन लेबलिंग की जानी चाहिए। ताकि लोग जो खा रहे हैं वह कितना हेल्दी या नुकसानदायक है ये समझ सकें।

**भारत में बढ़ते मोटापे की स्थिति चिंताजनक**

इससे पहले नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2019-21 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 24 प्रतिशत महिलाएं और 23 प्रतिशत पुरुष अधिक वजन वाले या मोटापे का शिकार थे।

रिपोर्ट के मुताबिक 15-49 साल के आयु वर्ग में 6.4 प्रतिशत महिलाएं और 4 प्रतिशत पुरुष मोटापे से पीड़ित थे।

इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि पांच साल से कम उम्र के बच्चों में वजन बढ़ने की समस्या 2015-16 में 2.1 प्रतिशत से बढ़कर 2019-21 में 3.4 प्रतिशत हो गई है।



2020 में भारत में 3.3 करोड़ से ज्यादा बच्चे मोटापे का शिकार थे। रिपोर्ट में चिंता जताई गई है कि 2035 तक यह संख्या 8.3 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है।

**अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स सेहत के लिए खतरनाक**

इकोनॉमिक सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स मोटापा बढ़ाने के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार खाद्य पदार्थ है। वहीं भारत अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स की बिक्री के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से भी एक है। इसमें 2009 से 2023 तक 150 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। जिसका मतलब है कि ऐसे खाद्य पदार्थों का खपत देश में तेजी से बढ़ रहा है, जिसका सीधा असर लोगों के वजन पर देखा जा रहा है।

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स, लंबे समय से चले आ रहे खाने-पीने के तरीकों की जगह ले रहे हैं, जिससे डाइट की क्वालिटी खराब हो रही है और कई तरह की क्रॉनिक बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि इस तरह की चीजों की खपत पर रोक लगाने के लिए सुबह से लेकर देर रात तक चलने वाले इनके विज्ञापनों पर भी बैन लगाने की जरूरत है।

**मोटापा कम करने के लिए चलाई गई योजनाएं**

सर्वे में कहा गया है, 2009 से 2023 के दौरान पुरुषों और महिलाओं दोनों में मोटापा लगभग दोगुना हो गया है।

कई मंत्रालयों द्वारा रणनीतिक रूप से ऐसे कदम उठाए गए हैं जो स्वास्थ्य, पोषण, शारीरिक गतिविधि, खाद्य सुरक्षा और जीवनशैली में बदलाव में सुधार लाने वाले हो सकते हैं। पोषण अभियान और पोषण 2.0, फिट इंडिया मूवमेंट, खेलो इंडिया, ईट राइट इंडिया और 'आज से थोड़ा कम' अभियान खान-पान और दिनचर्या में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सर्वे में बताया गया है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कमी लाने और गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने मोटापा को रोकने और तेल की खपत को कम करने के लिए 'मोटापा रोको और मोटापे से लड़ने के लिए जागरूकता पहल' अभियान शुरू की है।



Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# करण जौहर की कंपनी से अलग हुईं जान्हवी कपूर

## स्वतंत्र करियर की ओर बढ़ाया कदम

बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने फिल्म निर्माता करण जौहर की टैलेंट प्रबंधन कंपनी कलेक्टिव आर्टिस्ट्स नेटवर्क से नाता तोड़ लिया है। इंडस्ट्री सूत्रों के अनुसार, अभिनेत्री ने यह फैसला अपने करियर को अब स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से लिया है। माना जा रहा है कि तेलुगु सिनेमा में मिल रही लगातार सफलता ने उनके इस निर्णय को मजबूती दी है। जान्हवी कपूर ने हाल के वर्षों में टॉलीवुड में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। वह पहले ही जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म देवरा में नजर आ चुकी हैं और अब राम चरण के साथ निर्देशक बुच्ची बाबू सना की फिल्म पेड्डी की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। इसके साथ ही, उनके देवरा 2 का हिस्सा बनने की भी चर्चा है। साउथ सिनेमा के बड़े सितारों के साथ काम करने से तेलुगु दर्शकों के बीच जान्हवी की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ी है। सूत्रों का कहना है कि इसी बढ़ते आत्मविश्वास और बाजार मूल्य के चलते उन्होंने औपचारिक टैलेंट प्रबंधन से अलग होने का फैसला लिया। गौरतलब है कि करण जौहर और धर्मा प्रोडक्शंस ने ही जान्हवी के बॉलीवुड करियर की शुरुआत धड़क जैसी फिल्मों से की थी। यह भी बताया जा रहा है कि करण जौहर ने ही जान्हवी को दक्षिण भारतीय सिनेमा में अवसर तलाशने के लिए प्रेरित किया था, जो उनके लिए लाभदायक साबित हुआ। पैन-इंडिया फिल्मों और स्वतंत्र फैसलों के साथ जान्हवी कपूर अब अपने करियर के एक नए दौर में प्रवेश करती दिख रही हैं।





# मदार्नी 3 का पहला भाग प्रभावशाली, रानी मुखर्जी का दमदार एक्शन और मजबूत खलनायक

अभिनेत्री रानी मुखर्जी की बहुप्रतीक्षित फिल्म मदार्नी 3 शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। फिल्म के पहले दो भागों को मिले शानदार प्रतिसाद के बाद तीसरे भाग से भी दर्शकों की उम्मीदें काफी ऊंची थीं। फिल्म की शुरूआत बेहद दमदार अंदाज में होती है। पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय एक बार फिर पूरे तेवर के साथ पर्दे पर लौटती हैं। शुरूआती दृश्य रोमांच से भरपूर हैं, हालांकि कहानी आगे बढ़ने के साथ थोड़ी धीमी जरूर होती है। इंटरवल से पहले फिल्म फिर से रफ्तार पकड़ती है। भले ही मोड़ कुछ हद तक अनुमानित हो, लेकिन निर्देशक अभिराज मीनावाला की प्रस्तुति और रानी मुखर्जी का अभिनय दर्शकों को भावुक कर देता है। फिल्म का सबसे मजबूत पक्ष इसका खलनायक है, जो शिवानी के सामने खुली चुनौती पेश करता है। दोनों के बीच टकराव दर्शकों को सीट से बांधे रखता है।



# हेरा फेरी 3 पर जारी रहेगा सफर-परेश रावल

सुपरहिट हास्य फिल्म श्रृंखला हेरा फेरी के तीसरे भाग को लेकर चल रहे विवादों पर अभिनेता परेश रावल ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि तमाम अटकलों के बावजूद हेरा फेरी 3 जरूर बनेगी। एक टेलीविजन कार्यक्रम में बातचीत के दौरान पद्मश्री और राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित अभिनेता परेश रावल ने बताया कि फिल्म में हो रही देरी का कारण अभिनेता अक्षय कुमार और निमार्ताओं के बीच तकनीकी मतभेद हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं है। परेश रावल ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि उन पर 25 करोड़ रुपये के मुकदमे की चचार्एं महज अफवाह हैं। उन्होंने साफ किया कि जैसे ही निमार्ता और अक्षय कुमार के बीच मामला सुलझेगा, वह फिल्म के कागजात पर हस्ताक्षर कर देंगे। अपने चर्चित किरदार बाबूराव गणपतराव आप्टे को लेकर परेश रावल ने कहा कि बाबूराव के बिना हेरा फेरी की कल्पना करना ही गलत होगा। उन्होंने कहा कि यदि इस किरदार के बिना फिल्म बनाने की कोशिश की गई, तो यह दर्शकों के लिए निराशाजनक साबित होगी। अंत में उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी अड़चनें दूर होते ही हेरा फेरी 3 दर्शकों के सामने जरूर आएगी।



# यूपी वॉरियर्स को हराकर फाइनल में पहुंची आरसीबी

वडोदरा। स्मृति मंधाना और ग्रेस हैरिस की शानदार साझेदारी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने यूपी वॉरियर्स को आठ विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही आरसीबी की टीम ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया है, जबकि यूपी का सफर लगभग समाप्त हो गया है। हालांकि, यूपी का ग्रुप चरण का एक मैच शेष है। यूपी ने दीप्ति शर्मा के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 143 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 41 गेंदें शेष रहते हुए दो विकेट पर 147 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। आरसीबी के लिए ग्रेस हैरिस और स्मृति मंधाना ने मजबूत शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी पूरी कर की। इन दोनों बल्लेबाजों ने यूपी वॉरियर्स के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। इस दौरान हैरिस ने अपना अर्धशतक भी पूरा किया और वह तेजी से शतक की ओर बढ़ रही थीं। हालांकि, शिखा पांडे ने हैरिस को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। हैरिस 37 गेंदों पर 13 चौकों और दो छक्कों की मदद से 75 रन बनाकर आउट हुईं।




# प्रदूषण के कारण मुंबई के खिलाड़ियों को हुई दिक्कतें

## दिल्ली के खिलाफ फेस मास्क पहनकर खेलने उतरे

मुंबई। दिल्ली और मुंबई के बीच मुंबई के बीकेसी स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी का मुकाबला खेला जा रहा है। इस दौरान मुंबई के खिलाड़ियों को प्रदूषण के कारण दिक्कतें हुई जिस वजह से खिलाड़ी फेस मास्क पहनकर खेलने उतरे। भारतीय और मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान, उनके छोटे भाई मुशीर खान और स्पिनर हिमांशु सिंह को एमसीए-बीकेसी मैदान पर तीसरे सत्र के दौरान मास्क पहने देखा गया। गुरुवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) लगभग 160 था। शहर में प्रदूषण के उच्च स्तर के बावजूद खिलाड़ियों द्वारा खेलते समय मास्क पहनना आम बात नहीं है। एमसीए-बीकेसी मैदान के ठीक बगल में स्थित निर्माण स्थल ने दोपहर बाद की स्थिति को और भी खराब कर दिया। इस दौरान लगभग आधे घंटे तक मुंबई के तीनों खिलाड़ियों ने क्षेत्ररक्षण करते समय मास्क पहने लेकिन बाद में उन्हें उतार दिया। खिलाड़ियों द्वारा मास्क पहनने के बारे में पूछे जाने पर मुंबई के तेज गेंदबाज मोहित अवस्थी ने कहा, यहां नए भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। खिलाड़ियों को प्रदूषण महसूस हुआ और सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, इसलिए उन्होंने मास्क पहन लिए।



### 15 गेंदों में अर्धशतक के बाद शिवम दुबे का बयान

# अनुभव से मजबूत हुई मेरी सोच



विशाखापट्टनम। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए चौथे टी20 मुकाबले में टीम इंडिया को 50 रन से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इस मैच में ऑलराउंडर शिवम दुबे की बल्लेबाजी चर्चा का विषय बनी रही। मैच के बाद दुबे ने अपने प्रदर्शन, अनुभव और मानसिक मजबूती को लेकर बात की और कहा कि लगातार मैच खेलने से उनका आत्मविश्वास और समझ मजबूत हुई है। दुबे ने कहा कि अब वह अलग-अलग परिस्थितियों में बल्लेबाजी कर रहे हैं, जिससे उन्हें मैच को पढ़ने और गेंदबाजों की रणनीति समझने में मदद मिल रही है। उन्होंने बताया, मैं अब बेहतर मानसिकता के साथ खेल रहा हूं। अलग-अलग हालात में बल्लेबाजी करने से मुझे पता चल जाता है कि गेंदबाज क्या करने वाला है। यही मेरी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की सबसे बड़ी कुंजी है। विशाखापट्टनम में खेले गए इस मुकाबले में दुबे ने छठे नंबर पर उतरते हुए सिर्फ 15 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया। यह भारतीय पुरुष खिलाड़ियों द्वारा टी20 अंतरराष्ट्रीय में तीसरा सबसे तेज अर्धशतक रहा। उन्होंने 23 गेंदों में 65 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें सात छक्के शामिल थे। खास बात यह रही कि उनके 36 रन स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ आए, और उनका स्ट्राइक रेट 400 रहा। दुबे ने गेंदबाजी को लेकर भी बात की और इसके लिए टीम के कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव को धन्यवाद दिया।

# टूर्नामेंट में अपना खुद का इतिहास रचना चाहते हैं जोकोविच

## 25वें ग्रैंडस्लैम से बस दो जीत दूर



मेलबर्न। पुरुष टेनिस के इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में यानिक सिनर के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और वह खुद का इतिहास रचने पर ध्यान दे रहे हैं। अब तक रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाले जोकोविच जब सिनर के खिलाफ मुकाबले के संदर्भ में सवालों का जवाब दे रहे थे तब एक सवाल पर उन्हें अपमान महसूस हुआ। जोकोविच वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 11वां खिताब जीतने की कवायद में हैं। जोकोविच से उस दौर से तुलना करने के लिए कहा गया जब उन्होंने टेनिस जगत में कदम रखा था तथा उस समय रोजर फेडरर और राफेल नडाल शीर्ष पर थे और अब जबकि सिनर और कार्लोस अल्काराज ने पिछले दो सत्र से उन्हें कोई भी ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने से रोक रखा है। जोकोविच ने सवालिया अंदाज में कहा, 'मैं यानिक और कार्लोस का पीछा कर रहा हूं। किस अर्थ में। मैं हमेशा पीछा करने वाला खिलाड़ी ही रहा हूं। मेरा कभी पीछा नहीं किया जाता।'

### '15 साल बनाया दबदबा'

उन्होंने कहा, 'मुझे यह थोड़ा अपमानजनक लगता है कि आप उस दौर के बीच की घटनाओं को नजरअंदाज कर रहे हैं जब मैंने आपके अनुसार राफा और रोजर का पीछा करना शुरू किया था और अब मैं कार्लोस और यानिक का पीछा कर रहा हूं। शायद बीच में लगभग 15 साल का ऐसा समय था जब मैं ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए हुए था।'

### 'खुद का इतिहास रच रहा हूं'

जोकोविच ने कहा, 'इसे सही परिप्रेक्ष्य में देखना महत्वपूर्ण है। सच कहूं तो मुझे ऐसा नहीं लगता कि मैं किसी का पीछा कर रहा हूं। मैं अपना खुद का इतिहास रच रहा हूं।' ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष वर्ग में शीर्ष चार वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। पहला सेमीफाइनल दूसरी वरीयता प्राप्त सिनर और जोकोविच के बीच खेला जाएगा जबकि नंबर एक कार्लोस अल्काराज और नंबर तीन अलेक्जेंडर ज्वेरेव शुक्रवार को दूसरे सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। इन दोनों मैच के विजेता रविवार को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगे।

### 25वें ग्रैंडस्लैम से दो जीत दूर

इसमें कोई शक नहीं कि 38 वर्षीय जोकोविच मेलबर्न में एक ही लक्ष्य के साथ आए हैं। वह है अपना 25वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतना। इससे वह सर्वकालिक सबसे सफल टेनिस खिलाड़ी बन जाएंगे। पिछले साल वह चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे, लेकिन फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे थे।

# शुक्रवार, 30 जनवरी राशिफल

मेष राशि के जातको के लिए आज का दिन लाभदायक और आनंददायक रहेगा। आपके सितारे बताते हैं कि आज आपको पारिवारिक जीवन में जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में आज का दिन आपका दिन आज बेहतरीन रहेगा।

वृषभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन पारिवारिक जीवन के मामले में सुखद रहेगा। आपकी राशि से आज चंद्रमा दूसरे भाव में होकर आपको आर्थिक लाभ प्रदान करेंगे। आपका पैसा फंसा है तो वह आपको वापस मिल सकता है।

मिथुन राशि में आज गजकेसरी योग बना है जिससे आज बुद्धि और चतुराई से मिथुन राशि के जातको को लाभ मिलेगा। आपको आज नौकरी में दिन के आरंभ से ही सक्रिय रहना होगा क्योंकि आपके ऊपर आज काम का दबाव रह सकता है।

कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन खचीर्ला रहने वाला है। आज आपकी राशि से द्वादश भाव में हो रहा है चंद्रमा का गोचर आपको मानसिक तनाव दे सकता है। कुछ अप्रत्याशित काम भी आपके ऊपर आ सकता है जिससे आपको तनाव मिलेगा।

सिंह राशि के जातको के लिए आज शुक्रवार का दिन शुभ लाभदायक रहने वाला है। आपके सितारे बताते हैं कि आज आपको भाग्य आर्थिक लाभ पाने में मदद करेगा। आपका फंसा और अटका धन आपको आज वापस मिल सकता है।

कन्या राशि के जातको के लिए आज शुक्रवार का दिन कामकाज के लिहाज से अच्छा है। आपको आज करियर में कोई बड़ा मौका मिल सकता है। जो जातक शिक्षा और शिक्षण के काम से जुड़े हुए हैं अथवा अकाउंट और प्रबंधन के काम से जुड़े हुए हैं उनको आज फायदा मिलेगा।

तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन भाग्यशाली रहने वाला है। आपकी राशि से आज भाग्य भाव में बना गजकेसरी योग आपको आर्थिक लाभ दिलाएगा। आपके कार्यक्षेत्र में आज उन्नति का संयोग बना हुआ है। अधिकारियों से आपको आज पूरा सहयोग और सपोर्ट मिलेगा।

वृश्चिक राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको आज किसी साहसिक कदम का फायदा मिल सकता है। जो लोग बिजली के उपकरण से संबंधित काम करते हैं आज उनको फायदा होगा। कार्यक्षेत्र में आज कुछ विरोधी सक्रिय रह सकते हें इसलिए अपनी योजनाओं को सभी के साथ शेयर करने से बचें।

धनु राशि के जातको के लिए आज का दिन उत्तम और अनुकूल रहेगा। आपके कामकाज में आज तेजी बनी रहेगी। अधिकारीवर्ग का वरदहस्त आपको प्राप्त होगा जिससे आपका आत्मविश्वास चरम पर होगा और आप आज कुछ नया काम भी शुरू कर पाएंगो।

आज का दिन मकर राशि के जातकों के लिए मिश्रित रहने वाला है। आपको आज कार्यक्षेत्र में जल्दबाजी में आकर कोई भी निर्णय करने से बचना होगा नहीं तो नुकसान हो सकता है। आपके विरोधी आज सक्रिय रहेंगे और आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

कुंभ राशि के जातको के लिए आज शुक्रवार का दिन भाग्यशाली रहेगी। आपकी राशि पर पर आज गुरु की नवम दृष्टि रहेगी और गुरु आज गजकेसरी योग बना रहे हैं जिससे आपको आज कार्यक्षेत्र में सफलता का मौका मिलेगा।

मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका काम सुचारू रूप से चलेगा, नौकरी में आज आपका दिन अनुकूल बीतेगा और आपको आज कोई लाभदायक मौका मिलेगा। गिफ्ट आइटम और गृहनिर्माण संबंधी वस्तुओं के कारोबार में आज आपको लाभ मिलेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# 70 जोड़ों ने हवन-पूजन व कथा श्रवण कर किया सामूहिक एकादशी उद्यापन

- हरि बोल ट्रस्ट आगरा द्वारा आयोजित सामूहिक एकादशी उद्यापन में गूंजे वैदिक मंत्र, दूर-दूर से आए जोड़ों ने किया फलाहार

एनएनआई




**आगरा।** धार्मिक संस्था हरि बोल ट्रस्ट, आगरा द्वारा एकलव्य वाटिका, मनोहरपुर, बलकेश्वर रोड पर आयोजित विशाल सामूहिक एकादशी उद्यापन एवं सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह के तीन दिवसीय आयोजन में आगरा उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आए 70 जोड़ो ने माह की सबसे बड़ी एकादशी पर भव्य सामूहिक एकादशी उद्यापन में हवन-पूजन कर उद्यापन किया। प्रातः 7 बजे कार्यक्रम का दीप प्रज्जलन एवं शुभारंभ विशिष्ट अतिथि अमित अग्रवाल (ग्वाला), वीरेंद्र मित्तल, संरक्षक विनीता अग्रवाल, डॉली अग्रवाल, प्रियंका गोयल, अर्चना अग्रवाल, दीप्ति गुप्ता, रीना जालन व अन्य ने किया। देव पूजन प्रातः 8 बजे किया गया।

संस्थापक ममता सिंघल ने बताया कि 30 जनवरी सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह एवं सामूहिक एकादशी उद्यापन का भव्य आयोजन किया जाएगा। 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह का आयोजन होगा। 8 बजे हवन पूजा, 9 को पूजन और आरती के पश्चात 11:00 बजे ब्राह्मण भोज एवं फलाहार दोपहर 1 बजे अतिथि भोज के उपरांत कार्यक्रम का समापन होगा। एकादशी उद्यापन में शुक्रवार को दूर-दूर से आए 70 जोड़ों ने हवन-पूजन कर अपना उद्यापन किया। आयोजन में महिलाओं की खासी संख्या में भागीदारी रही।

ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र गोयल ने बताया कि हरि बोल ट्रस्ट द्वारा आयोजित सामूहिक एकादशी उद्यापन एवं सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह के तीन दिवसीय आयोजन में शुक्रवार 30 जनवरी को 11 बेटियों का विवाह धूमधाम से संपन्न कराया जाएगा। वैदिक रीति रिवाज से विवाह की मांगलिक क्रियाएं संपन्न होंगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहन अग्रवाल, हरेश पंजवानी, महेश निषाद, मोहित अग्रवाल, शिवमंगल गुप्ता,संचित गोयल, संतोष गुप्ता, दीपू गुप्ता, अनिकेत, शैलू, हनी, सतीश, सचिन, संचित, मंच संचालिका कविता गर्ग, प्रियंका गोयल, मीना गर्ग, सीमा अग्रवाल, राजकुमारी, रंजन, पूजा, राधा, बॉबी, श्वेता, नीरू, प्रीति, सुनीता, आरती, कल्पना, शिल्पी, राखी, मंजू, दुर्गा, सुरभि व अन्य उपस्थित थे।

# डायरिया से डर नहीं पर हुई चर्चा

- पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से कार्यशाला आयोजित

एनएनआई




**आगरा।** पॉपुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के बैठक कक्ष में सेवा प्रदाताओं की अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में पीएसआई इंडिया और केनव्यू के सहयोग से जनपद में चलाये जा रहे डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवा प्रदाताओं (स्टाफ नर्स) की भूमिका पर गहन चर्चा हुई। अभिमुखीकरण का मुख्य उद्देश्य डायरिया के बारे में समुदाय को विस्तार से जानकारी देना, ओआरएस और जिंक से डायरिया रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी देना और चिकित्सक के पास जाने की सलाह देना था।

कार्यशाला में पीएसआई इंडिया के पंकज कुमार ने बताया कि डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के 13 और बिहार के तीन जनपदों में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शून्य से पांच साल तक के बच्चों की डायरिया के कारण होने वाली मृत्यु दर को शून्य करना और दस्त प्रबंधन को बढ़ावा देना है। डायरिया से किसी भी बच्चे की मौत न होने पाए, इसमें स्टाफ नर्स अहम भूमिका निभा सकते हैं। अभिमुखीकरण कार्यशाला की अध्यक्षता डॉ. रिशी गोपाल ने की। उन्होंने डायरिया के बारे में स्टाफ नर्सों का अभिमुखीकरण करते हुए कहा कि डायरिया से बचाव के लिए स्वच्छता बहुत जरूरी है। इसलिए अपने घर और आस-पास साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखें । बच्चों को कुछ भी खिलाने-पिलाने से पहले हाथों को अच्छी तरह साबुन-पानी से अवश्य धुल लें। उन्होंने डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में हरसम्भव सहयोग का आश्वासन दिया।

# चार राज्यों के 151 परिवारों ने किया सामूहिक एकादशी उद्यापन

- हरि कीर्तन में भाव-विभोर हुए श्रद्धालु, गणेश वंदना से हुई उद्यापन की शुरूआत

एनएनआई



**आगरा।** श्री हरि बोल सेवा समिति की ओर से सामूहिक 11वें एकादशी उद्यापन की बल्केश्वर स्थित श्री महालक्ष्मी मंदिर में शुरूआत हो गयी। शुभारंभ पार्षद मुरारी लाल गोयल और संस्थापक भोलनाथ अग्रवाल ने गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। प्रथम दिन आचार्य विष्णु दत्त शास्त्री ने 26 एकादशी अध्यायों का रसपान करते हुए श्रद्धालु हरि संकीर्तन में भाव-विभोर हो गए। समिति ने अतिथि, यजमानों एवं सभी पूजनीय ब्राह्मणों का फलाहार कराया। अध्यक्ष केशव अग्रवाल ने बताया कि एकादशी का व्रत रखने से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, सात्विकता, स्वास्थ्य और सौभाग्य का उदय होता है। सामूहिक कार्यक्रम के जरिए फिजूलखर्ची रोकना एवं समाज में सनातन धर्म की स्थापना करना समिति का प्राथमिक उद्देश्य है।

महामंत्री विक्की गर्ग ने बताया कि जया एकादशी उद्यापन में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान सहित उत्तर प्रदेश के 151 जोड़ो ने सामूहिक रूप से एकादशी उद्यापन किया। शुक्रवार को सुबह 8 बजे दीप प्रज्वलन, 9 बजे हवन पूजन, 10 बजे आरती और 1 बजे सामूहिक प्रसादी के साथ समापन होगा। आयोजन की व्यवस्थाएं उपाध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, विनय वर्मा, योगेश गुप्ता और वरिष्ठ संरक्षक चंद्रेश गर्ग ने संभाली। इस अवसर पर अमित अग्रवाल, बबीता गोयल, सीमा सिंघल, पूजा जैन, प्रियंका वर्मा, विनीता गोयल, अंशिका गुप्ता, दीप्ति गुप्ता, रेनू गुप्ता, रंजना राणा, संध्या जैन, सीमा सिंघल, सपना, रेखा, शालिनी, सपना, मुस्कान आदि मौजूद रहे।

# एकादशी व्रत भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त करने का श्रेष्ठ माध्यम

एनएनआई



**आगरा।** हरि नाम की गूंज, वैदिक मंत्रोच्चार और श्रद्धालुओं की अटूट आस्था से ओतप्रोत केशव कुंज, प्रताप नगर स्थित बुर्जी वाला मंदिर परिसर में मॉर्निंग वॉक क्लब के तत्वावधान में दसवां दो दिवसीय सामूहिक एकादशी उद्यापन समारोह श्रद्धा, साधना और सनातन परंपरा के भावपूर्ण वातावरण में भव्य रूप से आरंभ हुआ। समारोह के प्रथम दिन गुरुवार को पंडित चक्रपाणि पांडे द्वारा आशीर्वचन प्रदान किए गए। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को एकादशी व्रत के आध्यात्मिक महत्व से अवगत कराते हुए वर्ष की 26 एकादशी व्रत कथाओं का भावपूर्ण श्रवण कराया। उन्होंने कहा कि एकादशी व्रत आत्मसंयम, मन की शुद्धि और भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त करने का श्रेष्ठ माध्यम है। एकादशी व्रत से जीवन में सुख, शांति और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। इस पावन अवसर पर 62 यजमानों ने विधि-विधान से एकादशी व्रत का पूजन एवं उद्यापन संपन्न किया। प्रत्येक यजमान की पूजन चौकी भक्ति भाव से सुसज्जित थी, जिसमें चांदी की गाय, चांदी की एकादशी, राम दरबार, तुलसी का पौधा सहित अन्य पूजन सामग्री विधिवत स्थापित की गई थी। मंदिर परिसर में एक साथ संपन्न हो रहे पूजन ने सामूहिक साधना की अनुपम छवि प्रस्तुत की। मॉर्निंग वॉक क्लब के महामंत्री रमेश चंद्र अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग दस वर्ष पूर्व माघ मास के शुक्ल पक्ष की जया एकादशी के अवसर पर बुर्जी वाला मंदिर में सामूहिक एकादशी उद्यापन की यह परंपरा प्रारंभ की गई थी, जो निरंतर प्रत्येक वर्ष श्रद्धा और विश्वास के साथ निभाई जा रही है। क्लब के अध्यक्ष सीए मुकेश गोयल ने बताया कि सामूहिक एकादशी उद्यापन में प्रतिवर्ष आगरा सहित अन्य जनपदों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष अमेरिका से आए श्रद्धालु ने भी एकादशी उद्यापन में सहभागिता कर भारतीय सनातन संस्कृति के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम व्यवस्था अखिलेश गोयल, विजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, रिंकू बांसल, राकेश गर्ग, राजीव जैन, निखिल गर्ग, सरोज अग्रवाल, रीना गोयल, मधु अग्रवाल, हेमलता आदि संभाल रहे हैं।

# प्रेम, समर्पण, सच्ची मित्रता का प्रतीक है सुदामा का चरित्र

## जनकपार्क में रही श्रीमद् भागवत कथा,जयघोषों के साथ हुई पूर्णाहुति



**आगरा (एनएनआई)।** कमला नगर के जनकपार्क में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन की वृंदावन से पधारे आचार्य स्वामी नित्यानंद रसिक महाराज ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। सातवें दिन उन्होंने कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया । सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास स्वामी नित्यानंद रसिक ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाती है, यह भगवान श्री कृष्ण-सुदामा की मित्रता से समझ जा सकता है। सुदामा के चरित्र से हमें निस्वार्थ मित्रता, कठिन समय में स्वाभिमान, सादगी और बिना मांगे प्रतिफल मिलने की प्रेरणा मिलती है। दरिद्र होने के बावजूद भगवान कृष्ण से उन्होंने कुछ नहीं मांगा, जिससे उनकी निष्काम भक्ति और आत्म-संतोष की सीख मिलती है। सुदामा का चरित्र प्रेम, समर्पण और सच्ची मित्रता का प्रतीक है। कथा के दौरान सुदामा और कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा की और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर संध्या गुप्ता, नितिन, प्रतीक, रितु, फागुनी गुप्ता आदि ने पूजन किया।

# अटूट श्रद्धाः पोशाक अर्पण रथयात्रा में जयकारों से गूंजा मार्ग



**आगरा (एनएनआई)।** हाथों में बड़े-बड़े निशान, बैंड-बाजों की धुन पर थिरकते श्रद्धालु और जय श्री श्याम, 'हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा' के गगनभेदी जयघोषों के बीच ताजनगरी खाटू वाले श्याम के रंग में रंग गई। ऐसा ही अलौकिक दृश्य शुक्रवार को आगरा नरेश श्याम भक्त सेवा समिति की ओर से निकाली गई पोशाक अर्पण रथयात्रा में देखने को मिला। रथयात्रा में श्रद्धालु खाटू श्याम की भव्य पोशाक के दर्शन कर भावविभोर होते नजर आए। श्याम प्रेमियों की भारी भीड़ और भक्तिमय वातावरण ने पूरे मार्ग को आस्था के रंग में रंग दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा श्याम पालकी का फूल वर्षा कर स्वागत किया गया। संस्थापक मोहित अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत सुबह वाटर वर्क्स स्थित अग्रवन गौशाला में गौ माता को भोग अर्पण के साथ हुई। शाम को मनकामेश्वर मंदिर से पोशाक अर्पण रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा के माध्यम से श्याम प्रेमियों को आगामी श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। शुक्रवार को खाटू श्याम मंदिर में सोनीपत के भजन गायक विशेष भंडारी द्वारा भजन प्रस्तुति दी जाएगी। अध्यक्ष अमन गर्ग ने बताया कि यात्रा मनकामेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर जौहरी बाजार, दरेसी, बांस का बाजार, पथवारी, बेलनगंज होते हुए जीवनी मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। खाटूश्याम मंदिर के तोरण द्वार पर शंखनाद के साथ अलौकिक रूप में सजे खाटू श्याम जी की विधिवत आरती की गई और श्रद्धा भाव से श्याम बाबा को पोशाक अर्पण की गई। इस अवसर पर सौरभ अग्रवाल, गगन गर्ग, नीरज गर्ग, सौरभ बंसल, शशांक अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, अमन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।